संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 253
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
मंगलवार 17 नवम्बर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



पात्र व्यक्ति योजनाओं से नहीं रहेगा वंचित–योगी

- सीएम ने किया जनगणना 2027 के तृतीय संस्करण का शुभारंभ
- सटीक जनगणना से बनेगी विकसित यूपी की ठोस कार्ययोजना : योगी



लखनऊ, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनगणना 2027 उत्तर प्रदेश के समग्र विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जनगणना से प्राप्त सटीक और प्रामाणिक आंकड़ों के आधार पर सरकार भविष्य की योजनाओं की ठोस कार्ययोजना तैयार कर सकेगी। इससे प्रशासन को योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने में भी मदद मिलेगी। अभी तक प्रदेश की अधिकांश विकास योजनाएं 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर आधारित रही हैं। जनगणना के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग की वास्तविक सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय स्थिति का पता लगाना जरूरी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ स्थित लोकभवन में जनगणना 2027 के तृतीय संस्करण का शुभारंभ किया। जिसके पास सही आंकड़े होंगे, वह उतनी ही प्रभावी ढंग से अपनी योजनाएं बना और लागू कर सकेगा। उत्तर प्रदेश देश का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है। भारत का हर छठा व्यक्ति यूपी में रहता है, जबकि दुनिया का हर 36वां व्यक्ति प्रदेश में निवास करता है। मुख्यमंत्री ने जनगणना में किसी भी व्यक्ति या समुदाय के छूटने को गंभीर विषय बताते हुए पूर्वी उत्तर प्रदेश के मुसहर समाज का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि समाज का यह सबसे विपन्न तबका लंबे समय तक बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहा। उनके पास पक्के मकान तो दूर, झोपड़ी वाली जमीन का भी मालिकाना अधिकार नहीं था। कई परिवारों के पास राशन कार्ड और दूसरी सरकारी सुविधाएं तक नहीं थीं। यदि पिछली जनगणनाओं में उनकी वास्तविक स्थिति सामने आई होती तो वे पहले ही सरकारी योजनाओं के पात्र बन सकते थे। उत्तर प्रदेश में 16 नवंबर से 30 नवंबर तक स्वगणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके तहत नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर स्वयं और अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे।जनगणना के दूसरे चरण में प्रत्येक व्यक्ति से धर्म, जाति, शिक्षा, व्यवसाय, मातृभाषा और अन्य जनसांख्यिकीय पहलुओं से जुड़े 40 प्रश्न पूछे जाएंगे। सीएम ने कहा कि प्रदेश की सबसे बड़ी आबादी को देखते हुए यहां जनगणना की विशेष जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने जनगणना कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों से पूरी सत्यनिष्ठा, संवेदनशीलता और विनम्रता के साथ काम करने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर सही जानकारी जुटाना जरूरी है। किसी भी व्यक्ति को जनगणना से छूटना नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री ने युवाओं से अपील की कि वे स्वगणना में अपने माता–पिता, बुजुर्गों और पड़ोसियों की ऑनलाइन जानकारी दर्ज कराने में मदद करें तथा स्वगणना पूरी होने के बाद प्राप्त आईडी सुरक्षित रखें। इस दौरान वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, विधायक डॉ. नीरज बोरा, विधायक जय देवी समेत कई नेता और अधिकारी मौजूद रहे।

पीएम मोदी का फिलीपींस दौरा

मनीला एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत, दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

मनीला, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को फिलीपींस के तीन दिवसीय दौरे पर मनीला पहुंचे। इस दौरान मनीला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23वें आसियान–भारत शिखर सम्मेलन और 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फिलीपींस के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। पीएम मोदी के स्वागत में कई रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। पीएम मोदी की इस यात्रा का उद्देश्य दक्षिण–पूर्व एशिया और पूर्वी एशिया के देशों के साथ संबंधों को मजबूत करना और क्षेत्रीय व वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा करना है। पीएम मंगलवार को 23वें आसियान–भारत शिखर सम्मेलन और 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। वह फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर के निमंत्रण पर वहां पहुंचे हैं। मनीला रवाना होने से पहले सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आसियान देशों के साथ भारत के संबंध उसकी एक्ट ईस्ट नीति के केंद्र में हैं और महासागर (ड।भ्।ळ।त्) विजन में भी इनका महत्वपूर्ण स्थान है। महासागर का पूरा नाम म्यूचुअल एंड होलिस्टिक एडवांसमेंट फॉर सिक्योरिटी एंड ग्रोथ अक्रॉस रीजन है। इसका अर्थ विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए आपसी और समग्र प्रगति है। यह भारत का विस्तारित वैश्विक समुद्री सिद्धांत है। अपने प्रस्थान वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह आसियान–भारत शिखर सम्मेलन में अन्य नेताओं के साथ मिलकर व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत हुई प्रगति को आगे बढ़ाने और विकास, संपर्क तथा समृद्धि से जुड़ी साझा आकांक्षाओं को नई गति देने के लिए उत्सुक हैं।



कुलगाम में लतीफ भट समेत दो आतंकी मारे जाने की सूचना, सीआरपीएफ टीम पर हमले में आया था नाम

जम्मू, एजेंसी। सोमवार को कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षाबलों की आतंकियों से मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में लश्कर–ए–तैयबा के दो आतंकी के मारे जाने की सूचना है। इनमें लश्कर का टॉप कमांडर आतंकी लतीफ भट भी शामिल है। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टी नहीं हुई है। लतीफ भट पर बुधवार को कुलगाम में सीआरपीएफ के सुरक्षा ठिकाने पर हुए हमले में शामिल होने का शक था। कुलगाम जिले में सीआरपीएफ की टीम पर हुए हमले के बाद सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान जारी है। कुलगाम जिले में बुधवार दोपहर करीब सवा दो बजे दो आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से सीआरपीएफ के नाके पर हमला कर दिया। हमले में तीन जवान घायल हो गए थे। वारदात कुलगाम के नौपोरा अखरन इलाके की है। यह स्थान श्रीनगर से लगभग 75 किलोमीटर दूर और कड़ी सुरक्षा वाले जम्मू–श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग से बमुश्किल एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। सूत्रों ने बताया कि सीआरपीएफ की 46वीं बटालियन का दल नौपोरा अखरन इलाके में नियमित ड्यूटी पर तैनात था। इसी दौरान पैदल पहुंचे दो आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान घायल हुए तीनों जवानों को जीएमसी अनंतनाग में भर्ती कराया गया। घायलों में हेड कांस्टेबल सोमवीर सिंह, कांस्टेबल राकेश दास और कांस्टेबल संतोष चंद्रू शामिल हैं। संतोष चंद्रू पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं और उनके पेट तथा रीढ़ की हड्डी में गोलियां लगी हैं। उनकी हालत गंभीर बताई जाती है। असम निवासी कांस्टेबल राकेश दास के पैर में गोली लगी है। वहीं, हेड कांस्टेबल सोमवीर सिंह के बाएं हाथ में गोली लगी है।

चक्रवाती तूफान अकवान का खतरा: गहरा दबाव क्षेत्र बदलेगा भीषण चक्रवाती तूफान में, आईएमडी का अलर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। बंगाल की खाड़ी के दक्षिण–पूर्वी और उससे सटे दक्षिण–पश्चिमी हिस्से में बना गहरा दबाव क्षेत्र सोमवार शाम तक 'अकवान' नामक भीषण चक्रवाती तूफान का रूप लेकर आंध्र प्रदेश की ओर बढ़ सकता है। इससे राज्य पर तीन सप्ताह में तीसरी बार शक्तिशाली चक्रवाती तूफान का खतरा मंडरा रहा है। अधिकारियों ने आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु, दोनों राज्यों के मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने की चेतावनी दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि इस प्रणाली के प्रभाव से चेन्नई और आसपास के जिलों में बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने सोमवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना गहरा दबाव क्षेत्र सोमवार शाम तक चक्रवाती तूफान, 17 नवंबर तक भीषण चक्रवाती तूफान और 19 नवंबर के आसपास आंध्र प्रदेश तट के निकट अत्यंत भीषण चक्रवाती तूफान में बदल सकता है। आईएमडी की ओर से जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण–पूर्वी और उससे सटे दक्षिण–पश्चिमी हिस्से में बना गहरा दबाव क्षेत्र पिछले छह घंटे के दौरान आठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर–उत्तर पश्चिम दिशा की ओर बढ़ा। सोमवार सुबह साढ़े पांच बजे यह इसी क्षेत्र में केंद्रित था। आंध्र प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एपीएसडीएमए) के प्रबंध निदेशक प्रखर जैन ने बताया कि इससे सोमवार को राज्य के तटीय इलाकों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हो सकती है। प्राधिकरण ने राज्य के मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी है। जैन ने किसानों और आम लोगों से भी आवश्यक सावधानी बरतने को कहा है। आंध्र प्रदेश हाल ही में एक के बाद एक आए दो चक्रवाती तूफानों 'अर्नब' और 'मुरासु' की मार झेल चुका है।

एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे राहुल गांधी

चुनाव आयोग से मांगे इन 48 सवालों के जवाब



नई दिल्ली, एजेंसी। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष और चुनाव आयोग के बीच विवाद तेज होता जा रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट में नई अर्जी दाखिल की है। इसमें चुनाव आयोग को 48 लिखित सवाल भेजने की अनुमति मांगी गई है। साथ ही मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और दो अन्य चुनाव आयुक्तों से हलफनामे के जरिए जवाब देने की मांग की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि देशभर में एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान एकतरफा फैसले लिए गए, मतदाताओं के नाम हटाए गए और चुनाव आयोग के ऑनलाइन पोर्टल में बिना उचित मंजूरी के बदलाव किए गए। विपक्षी नेताओं ने इन सभी मामलों पर चुनाव आयोग से स्पष्ट जानकारी मांगी है। राहुल गांधी और अन्य याचिकाकर्ताओं का मुख्य सवाल यह है कि क्या मुख्य चुनाव आयुक्त ने अन्य दो चुनाव आयुक्तों की जानकारी, सहमति या मंजूरी के बिना आयोग की सामूहिक शक्तियों का इस्तेमाल किया? चुनाव आयोग ने 26 अक्तूबर को दाखिल जवाबी हलफनामे और 14 नवंबर को दाखिल पूरक हलफनामे में कहा था कि ैप्र से जुड़े आदेश तीन सदस्यीय आयोग के सर्वसम्मत फैसले के बाद जारी किए गए थे। ये हलफनामे उप चुनाव आयुक्त भानु प्रकाश येतुरु की ओर से दाखिल किए गए थे। हालांकि, याचिकाकर्ताओं का कहना है कि आयोग ने अपने दावे के समर्थन में फाइल नंबर, तारीख या बैठकों का ब्योरा नहीं दिया। उन्होंने अगस्त 2025 में मिले एक त्ज् जवाब का भी हवाला दिया है। इसके मुताबिक, चुनाव आयोग के अधिकारियों ने कहा था कि देशभर में एसआईआर शुरू करने का कोई फैसला नहीं लिया गया था। अर्जी में मुख्य चुनाव आयुक्त के अलावा चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी से भी जवाब मांगा गया है। राहुल गांधी और अन्य नेताओं ने मांग की है कि फरवरी 2025 से अक्तूबर 2026 के बीच इन दोनों चुनाव आयुक्तों ने एसआईआर, म्ब्छम्ज्, फॉर्म–6 या अदालत में दाखिल अपीलों को लेकर कब–कब लिखित आपत्ति, असहमति या विरोध दर्ज कराया, इसकी पूरी जानकारी दी जाए। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि चुनाव आयोग को इस संबंध में रिकॉर्ड और संबंधित दस्तावेज भी उपलब्ध कराने चाहिए। अर्जी में चुनाव आयोग के महानिदेशक (आईटी) से भी कई अहम सवाल पूछने की मांग की गई है। इनमें पूछा गया है कि क्या निजी कंपनियों या बाहरी वेंडरों को मतदाता सूची के डेटाबेस में बदलाव करने की अनुमति थी? इसके अलावा यह भी स्पष्ट करने को कहा गया है कि क्या मतदाता पंजीकरण अधिकारियों (स्त्) के आदेश के बिना बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए गए थे। याचिकाकर्ताओं ने डॉ. विवेक जोशी की ओर से प्रस्तावित एक्सेस ऑडिट पर भी जानकारी मांगी है। इसमें यह बताने की मांग की गई है कि डेटाबेस तक पहुंच रखने वालों की जांच के लिए क्या कदम उठाए गए। राहुल गांधी की अर्जी में ऑनलाइन फॉर्म–6 में नया घोषणा–पत्र जोड़ने के फैसले पर भी सवाल उठाए गए हैं।

फिर जेल गए आजम खान, एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनाया फैसला



गाजियाबाद, एजेंसी। समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को एक और झटका लगा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किए जा रहे मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में गाजियाबाद की एक अदालत ने उन्हें 10 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वे 26 नवंबर तक हिरासत में रहेंगे, जिस दिन इस मामले की अगली सुनवाई होनी है। अदालत के आदेश के बाद आजम खान को अदालत परिसर से डासना जेल ले जाया गया। गौरतलब है कि ईडी, मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट को मिले चंदे और रामपुर में मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी के विकास के लिए इसके फंड के इस्तेमाल की जांच कर रही है। शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में, गिरफ्तार समाजवादी पार्टी नेता से दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय में पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि 78 वर्षीय नेता से पूछताछ और उनके बयान दर्ज करने का काम एजेंसी की लखनऊ जोनल जांच टीम ने दिल्ली दफ्तर में किया। उन्होंने बताया कि खान को ईडी के लखनऊ दफ्तर (जहां यह मामला दर्ज है) नहीं ले जाया गया, क्योंकि उनकी उम्र ज्यादा है और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कुछ समस्याएं हैं। केंद्रीय एजेंसी ने 31 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश में रामपुर जेल के बाहर से खान को गिरफ्तार किया था।

आंखें बंद करूं तो सामने दिखते हैं दादा

अजित पवार को याद कर भावुक हुए शाह, बोले– उनका जाना अपूरणीय क्षति

पुणे, एजेंसी। दिवंगत एनसीपी नेता अजीत पवार की प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि दादा का अचानक और असामयिक निधन एक ऐसी क्षति है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती। उन्होंने अजित पवार के असामयिक निधन को न केवल महाराष्ट्र, बल्कि विशेष रूप से



पुणे, बारामती, पिंपरी और चिंचवड़ क्षेत्रों के लिए अपूरणीय क्षति बताया। गृह मंत्री ने कहा कि दादा का व्यक्तित्व इतना जीवंत और सकारात्मक था कि आज भी अगर मैं अपनी आंखें बंद करूं तो मुझे दादा अपने ठीक सामने खड़े दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि दादा केवल उनके करीबी मित्र ही नहीं थे, बल्कि सच्चे सहयोगी भी थे। उनके जाने से देश ने एक जननेता खो दिया है। दादा के राजनीतिक जीवन को याद करते हुए अमित शाह ने कहा कि दिवंगत एनसीपी नेता की कार्यशैली भविष्य के राजनीतिक नेताओं के लिए एक विश्वविद्यालय की तरह काम करेगी। अमित शाह ने अजित पवार के राजनीतिक और प्रशासनिक अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें विकास की गहरी समझ थी। पंचायती राज, सहकारिता, कृषि और आधुनिक शहरी विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उन्हें व्यापक अनुभव हासिल था।

मोहन भागवत ने कहा– अलगाववाद को बढ़ावा देकर भारत को बांटने की कोशिशें जारी, एकजुट रहें



जयपुर, एजेंसी। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत को बांटने और लोगों में संघर्ष पैदा करने के प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने अलगाववाद को बढ़ावा देने और ष्छोटी पहचानोंष् को बड़ा करने के प्रयासों पर चिंता जताई। भागवत ने ऐसे प्रयासों का मुकाबला करने के लिए एकता का आह्वान किया। भागवत रविवार को जोधपुर के शिकारपुरा स्थित श्री राजाराम आश्रम में थे। वह चार दिवसीय आरएसएस संगीत बैंड शिविर श्मरु निनाद 2026श के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत का उदय विश्व कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। कुछ ताकतें नहीं चाहतीं कि देश मजबूत बने। भागवत ने आरोप लगाया कि भारतीय समाज में विभाजन पैदा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को आपस में लड़ाने और संघर्ष पैदा करने की कोशिशें हो रही हैं। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि जो अंग्रेजों ने किया, वही अब ष्शैतानी ताकतोंष् की राजनीति के माध्यम से दोहराया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपनी साझा पहचान याद रखने और एकजुट रहने का आग्रह किया। भागवत ने कहा कि हमें संगठित रहना होगा ताकि हमारी शक्ति बनी रहे और धर्म की रक्षा हो। भागवत ने वर्तमान स्थिति को नाजुक बताया और लोगों से एक साथ खड़े होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एक मजबूत भारत का अर्थ पूरे विश्व का कल्याण होगा। उन्होंने अतीत के विदेशी आक्रमणों का भी जिक्र किया। भागवत ने कहा कि भारतीयों ने हमेशा बाहरी हमलों का विरोध करने के लिए एकजुटता दिखाई है। आक्रमणकारियों ने हमारे सिस्टम को नष्ट कर अपनी शिक्षा प्रणाली थोप दी। इसके परिणामस्वरूप, जो लोग कभी समृद्ध थे, वे गरीब हो गए। आरएसएस प्रमुख ने विभिन्न प्रकार की लत के प्रति भी आगाह किया। उन्होंने कहा कि यह केवल नशीले पदार्थों तक सीमित नहीं है, बल्कि इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसी लत भी है।

भागवत ने आरएसएस की संगीत परंपरा के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि संगीत मनोरंजन के साथ–साथ साहस और आत्म–सम्मान को प्रेरित करने के लिए महत्वपूर्ण है।

संपादकीय

आशा है पंजाब का चुनाव एक परिवर्तनकारी नेतृत्व प्रदान करेगा

पंजाब विधानसभा चुनावों के लिए आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा, इसके बाद कांग्रेस की संगरूर रैली और अकाली दल–भाजपा गठबंधन की संभावना ने राज्य में बहुकोणीय चुनावी मुकाबले की पृष्ठभूमि तैयार कर दी है। पंजाब के ग्रामीण सिख युवाओं के धार्मिक उत्साह से पोषित एक नवोदित राजनीतिक दल 'वारिस पंजाब दे' के भी चुनावी मैदान में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की व्यापक संभावना व्यक्त की जा रही है। हालांकि, चुनाव का समग्र परिदृश्य चिंताजनक है। राजनीतिक दलों और उनके नेताओं के बीच तीखी प्रतिद्वंद्विता ने राजनीतिक वातावरण को दूषित कर दिया है। राज्य की प्रगतिशील नीतियों पर सूचित और सार्थक बहस का स्थान कटु व्यक्तिगत आरोपों ने ले लिया है। कृषि अर्थव्यवस्था के विविधीकरण, नशे की लत, औद्योगिक ठहराव, बेरोजगारी, पर्यावरण के क्षरण, भूजल में कैंसरकारी तत्वों की मौजूदगी, स्वास्थ्य और शिक्षा के गिरते स्तर, व्यापक भ्रष्टाचार, राजनीतिक ड्क्षहसा, गैंगस्टरवाद तथा राज्य की सत्ता के दुरुपयोग जैसे गंभीर और ज्वलंत मुद्दे एक ऐसे राज्य की कहानी बयान करते हैं, जो निरंतर पतन की ओर अग्रसर है। स्पष्ट है कि पंजाब का नेतृत्व करने के इच्छुक लोगों को राज्य के लंबे समय से लंबित पुनरुत्थान के लिए एक ईमानदार और व्यावहारिक कार्ययोजना प्रस्तुत करनी होगी। यह कार्ययोजना मुफ्त सुविधाओं के ऐसे अस्थिर वादों से आगे बढनी चाहिए, जिनकी कीमत राज्य को निरंतर बढ़ते कर्ज और जनता को एक दिवालिया राज्य की उदारता पर स्थायी निर्भरता के रूप में चुकानी पड़ती है। विकट चुनौतियों के सामने राजनीतिक नेतृत्व की असली कसौटी यह होगी कि क्या वह संकीर्ण और कटु दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जनहित और सांझा उद्देश्यों पर आधारित राजनीति की एक उदात्त दृष्टि को अपनाने के लिए तैयार है? इसी प्रकार, राजनीतिक दलों का यह दायित्व है कि वे चुनाव में ऐसे उम्मीदवारों को उतारें, जिनका हृदय उदार हो, जिनकी दृष्टि व्यापक हो और जिनकी राजनीति जनसेवा के पवित्र सिद्धांतों पर आधारित हो। सभी दलों के नेताओं द्वारा बार–बार दिए जाने वाले इस वक्तव्य का कि केवल जीतने वाले उम्मीदवारों को ही पार्टी का टिकट दिया जाएगा, यही अर्थ होना चाहिए कि उम्मीदवार वही बनें, जो निरूस्वार्थ सेवा और जनता के साथ अपने व्यवहार में विनम्रता के प्रति प्रतिबद्ध हों। इसके साथ ही मतदाताओं पर भी एक समान दायित्व है कि वे ऐसे उम्मीदवारों को चुनें, जिनका सार्वजनिक जीवन और राजनीतिक आचरण निष्कलंक रहा हो, न कि उन्हें जिनकी नेतृत्व की दावेदारी मुख्यतरू अवैध रूप से अर्जित धन और अपराधियों के संरक्षण में पलने वाली बाहुबल की ताकत पर टिकी हो। पंजाब को ऐसी राजनीति का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए, जो पूजनीय गुरुओं की शिक्षाओं में निहित हो और जो दमनकारी सत्ता के विरुद्ध सत्य, न्याय तथा निर्बलों की रक्षा के लिए शक्ति के उपयोग की वकालत करती हो। जहां 'आप' एक सत्तारूढ़ दल के रूप में अपनी राजनीतिक सत्ता बचाने के संघर्ष में अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए सत्ता के सभी साधनों का उपयोग करेगी, वहीं स्वयं को उसका प्रमुख प्रतिद्वंद्वी मानने वाली कांग्रेस के सामने एक स्पष्ट और बड़ी जिम्मेदारी है। उससे अन्य दलों की तुलना में अधिक अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी राजनीतिक भाषा में संयम बरते और ऐसी उदार राजनीतिक दृष्टि प्रस्तुत करे, जिसमें विरोधी की गरिमा का भी सम्मान हो। उसे पंजाब के पुनरुत्थान के लिए स्पष्ट रूप से ईमानदार नीतिगत प्रस्तावों पर आधारित समावेशी राजनीति का वादा करना चाहिए और उसे व्यवहार में भी उतारना चाहिए। उसे ऐसे नए नेतृत्व को प्रोत्साहित करना चाहिए, जिसकी व्यक्तिगत और बौद्धिक ईमानदारी को राज्य की सेवा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता की कसौटी पर परखा जा सके। यह चुनाव केवल राजनीतिक सत्ता को बनाए रखने या उसे हासिल करने का चुनाव नहीं हो सकता। इसे जनता के उस विश्वास की पुष्टि करनी चाहिए, जो उसने अपने निर्वाचित प्रतिनिधियों की जनसेवा की सर्वोत्तम परंपराओं के अनुरूप कार्य करने की क्षमता में जताया है। अंततरू राज्य का भविष्य मतदाताओं के विवेकपूर्ण निर्णय और लंबे समय से बेहतर दिनों की धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा कर रही जनता द्वारा अपनी जायज अपेक्षाओं को सामूहिक रूप से और पूरी दृढ़ता के साथ अभिव्यक्त करने पर निर्भर करता है। ऐसे समय में शकील बदायूंनी का यह शे'र अत्यंत प्रासंगिक हो उठता है– साहिल की तरफ कश्ती ले चल, तूफान के थपेड़े सहना क्या। तू आप ही अपना माझी बन, मौजों के सहारे बहना क्या।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस विशेष संपादकीय....

लोकतंत्र का चौथा स्तंभ संकट में : पत्रकारिता का गौरव, पत्रकार की पीड़ा और व्यवस्था से सवाल



लेखक : अशोक कुमार
नवरत्न
वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व
सदस्य, भारतीय प्रेस परिषद
प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखनऊ। 16 नवंबर केवल कैलेंडर की एक तारीख नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता के महत्व को स्मरण करने का दिन है। वर्ष 1966 में इसी दिन भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना हुई थी। तभी से प्रतिवर्ष 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर पत्रकारिता की स्वतंत्रता, उसकी जिम्मेदारियों और लोकतांत्रिक व्यवस्था में उसकी भूमिका पर विमर्श होता है। लेकिन आज सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या लोकतंत्र का चौथा स्तंभ वास्तव में उतना ही मजबूत है, जितना सार्वजनिक मंचों से बताया जाता है? या फिर इस स्तंभ को अपने कंधों पर संभालने वाला पत्रकार ही भीतर से टूटता जा रहा है?

लोकतंत्र की मजबूती केवल संसद, सरकार और न्यायपालिका से सुनिश्चित नहीं होती, बल्कि एक स्वतंत्र और जवाबदेह मीडिया भी उसकी अनिवार्य शर्त है। पत्रकारिता का दायित्व सत्ता से सवाल पूछना, समाज की समस्याओं को सामने लाना, वंचितों की आवाज बनना और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देना है। लेकिन विडंबना यह है कि आज पत्रकारिता के मूल सरोकारों के साथ–साथ स्वयं पत्रकार का अस्तित्व भी अनेक चुनौतियों से घिरा हुआ है।

मिशन से बाजार तक पहुंचती पत्रकारिता

एक समय था जब पत्रकारिता को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम और जनसेवा का मिशन माना जाता था। पत्रकार अपनी लेखनी के माध्यम से अन्याय, शोषण और भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाता था। आज मीडिया के स्वरूप में व्यापक बदलाव आया है। समाचारों की प्राथमिकता पर बाजार, विज्ञापन, टीआरपी, व्यूज और सर्कुलेशन का दबाव दिखाई देने लगा है।

बड़े मीडिया संस्थानों में भी पत्रकारों की नौकरी की सुरक्षा, वेतन और सेवा शर्तें चिंता का विषय हैं। वहीं छोटे और मझोले समाचार पत्रों की स्थिति कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है। जिला, तहसील और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत अनेक पत्रकार बेहद कम मानदेय अथवा बिना नियमित वेतन के काम करने को विवश हैं। उनसे खबरों के साथ विज्ञापन जुटाने की अपेक्षा भी की जाती है। सवाल यह है कि जिस पत्रकार से समाज की आवाज बनने की उम्मीद की जाती है, उसे सम्मानजनक जीवन और सुरक्षित भविष्य देने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है?

छोटे और मझोले समाचार पत्रों की उपेक्षा क्यों?

देश में छोटे और मझोले समाचार पत्र लोकतंत्र की जमीनी आवाज हैं। ये वे समाचार पत्र हैं जो महानगरों की चमक–दमक से दूर गांव, कस्बे और छोटे शहरों की वास्तविक समस्याओं को प्रमुखता से प्रकाशित करते हैं। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, किसानों की परेशानी और स्थानीय प्रशासन की जवाबदेही जैसे मुद्दे इन्हीं माध्यमों से व्यापक समाज तक पहुंचते हैं।

इसके बावजूद सरकारी विज्ञापन, आर्थिक सहायता, संसाधनों और नीतिगत अवसरों के वितरण में छोटे एवं मझोले समाचार पत्रों की चुनौतियां लगातार बनी हुई हैं। सीमित संसाधनों में प्रकाशन जारी रखना, कर्मचारियों को भुगतान करना और तकनीकी बदलावों के साथ कदम मिलाना आसान नहीं है। यदि जमीनी पत्रकारिता करने वाले इन संस्थानों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा में ठोस पहल नहीं हुई तो स्थानीय जनसमस्याओं को सामने लाने वाला एक महत्वपूर्ण माध्यम कमजोर पड़ सकता है।

ग्रामीण पत्रकाररू जिम्मेदारी अधिक, सुविधाएं सबसे कम

पत्रकारिता का वास्तविक चेहरा गांवों और छोटे शहरों में दिखाई देता है। वहां का पत्रकार स्थानीय समस्याओं को नजदीक से देखता है और उन्हें समाज तथा शासन के सामने लाता है। लेकिन उसी पत्रकार के पास न पर्याप्त सुरक्षा है, न नियमित वेतन और न ही स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा की सुनिश्चित व्यवस्था।

किसी पत्रकार के साथ दुर्घटना हो जाए, वह बीमार पड़ जाए या किसी विवाद के कारण कानूनी परेशानी में फंस जाए तो उसके परिवार के सामने आर्थिक और सामाजिक संकट खड़ा हो जाता है। क्या पत्रकारिता में योगदान देने वाले इन लोगों के लिए कोई ऐसी व्यवस्था नहीं होनी चाहिए, जो उनके सम्मानजनक जीवन और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कर सके?

सच लिखने की कीमत और पत्रकारों की सुरक्षा

पत्रकारिता का सबसे बड़ा धर्म सच को सामने लाना है, लेकिन आज सच लिखना अनेक परिस्थितियों में जोखिम भरा होता जा रहा है। खनन, रेत, भू–माफिया, भ्रष्टाचार और संगठित अपराध से जुड़े मामलों की रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों को धमकियों, हमलों और कानूनी दबावों का सामना करना पड़ता है।

भारतीय प्रेस परिषद के पूर्व सदस्य के रूप में देश के विभिन्न हिस्सों से पत्रकारों से संबंधित अनेक शिकायतों और पीड़ादायक परिस्थितियों को देखने–समझने का अवसर मिला है। यह अनुभव बताता है कि पत्रकारों की सुरक्षा का प्रश्न केवल किसी एक व्यक्ति का प्रश्न नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता से जुड़ा हुआ विषय है।

पत्रकार के विरुद्ध किसी शिकायत या आरोप की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, लेकिन पत्रकारिता के कार्य को दबाने के लिए धमकी, हिंसा या कानून के दुरुपयोग की किसी भी स्थिति को स्वीकार नहीं किया जा सकता। पत्रकारों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कानूनी और संस्थागत व्यवस्था समय की आवश्यकता है।

डिजिटल क्रांति और विश्वसनीयता की चुनौती

डिजिटल मीडिया ने पत्रकारिता को अभूतपूर्व विस्तार दिया है। अब समाचार कुछ ही क्षणों में देश–दुनिया तक पहुंच जाते हैं। सोशल मीडिया ने आम नागरिक को भी सूचना साझा करने का मंच दिया है। लेकिन इस सुविधा के साथ फेक न्यूज, भ्रामक सूचनाओं, अपुष्ट खबरों और सनसनी फैलाने वाली सामग्री की चुनौती भी बढ़ी है।

व्यूज और लाइक्स की प्रतिस्पर्धा में खबरों की पुष्टि, तथ्यात्मक शुद्धता और सामाजिक जिम्मेदारी पीछे नहीं छूटनी चाहिए। पत्रकारिता की विश्वसनीयता उसकी गति से नहीं, बल्कि उसकी सत्यता और निष्पक्षता से निर्धारित होती है। डिजिटल युग में पत्रकारों के प्रशिक्षण, तथ्य–जांच और पेशेवर आचार संहिता को और मजबूत करना होगा।

पत्रकार की आर्थिक और मानसिक सुरक्षा भी जरूरी

चौबीस घंटे चलने वाली समाचार व्यवस्था ने पत्रकारों के काम का स्वरूप बदल दिया है। लगातार काम का दबाव, समय सीमा, नौकरी की अनिश्चितता, कम वेतन और सोशल मीडिया पर होने वाली आलोचना पत्रकारों के व्यक्तिगत जीवन को भी प्रभावित करती है।

पत्रकार भी समाज का एक सामान्य नागरिक है। उसके भी परिवार, स्वास्थ्य, बच्चों की शिक्षा और भविष्य से जुड़े सपने हैं। इसलिए पत्रकार कल्याण को केवल औपचारिक घोषणाओं तक सीमित नहीं रखा जा सकता। स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा, न्यूनतम सम्मानजनक पारिश्रमिक, सामाजिक सुरक्षा और आवश्यकता के अनुसार पेंशन अथवा कल्याणकारी सहायता की व्यवस्था पर गंभीरता से विचार होना चाहिए।

अब केवल सम्मान समारोह नहीं, ठोस पहल की जरूरत

राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम तभी सार्थक होंगे, जब उनमें पत्रकारों की वास्तविक समस्याओं के समाधान की दिशा में भी ठोस निर्णय लिए जाएं। इसके लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम आवश्यक हैंकृ

1. पत्रकारों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कानूनी व्यवस्था विकसित की जाए और पत्रकारों पर होने वाले हमलों की त्वरित एवं निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो।

2. पत्रकारों के लिए सम्मानजनक न्यूनतम पारिश्रमिक, स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा और सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था को प्रोत्साहित किया जाए।

3. ग्रामीण, कस्बाई, स्वतंत्र और फ्रीलांस पत्रकारों की पहचान एवं मान्यता की प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और व्यावहारिक बनाई जाए।

4. छोटे और मझोले समाचार पत्रों को सरकारी विज्ञापन नीति में निष्पक्ष अवसर तथा उनकी वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप सहयोग मिले।

5. डिजिटल मीडिया में कार्यरत पत्रकारों के लिए भी स्पष्ट नीतिगत ढांचा, प्रशिक्षण और सुरक्षा संबंधी प्रावधान विकसित किए जाएं।

6. पत्रकार संगठनों को आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर पत्रकार हितों, प्रेस की स्वतंत्रता और पेशेवर गरिमा के लिए एकजुट होना होगा।

7. पत्रकारिता संस्थानों में नैतिकता, तथ्य–जांच और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की संस्कृति विकसित की जाए।

पत्रकार सुरक्षित होगा, तभी लोकतंत्र सुरक्षित रहेगा

आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर हमें केवल पत्रकारिता के गौरवशाली अतीत का स्मरण नहीं करना चाहिए, बल्कि उसके वर्तमान और भविष्य पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए। यह समझना होगा कि पत्रकारिता केवल समाचार प्रकाशित करने या प्रसारित करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जनता और शासन के बीच संवाद का एक महत्वपूर्ण सेतु है।

पत्रकार से निष्पक्षता, निर्भीकता और जनहित की अपेक्षा करने वाली व्यवस्था को भी उसके सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक अधिकारों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। पत्रकार को सुविधाओं के नाम पर किसी का एहसान नहीं, बल्कि अपने श्रम और दायित्व के अनुरूप सम्मानजनक व्यवस्था चाहिए।

याद रखना होगा कि जब पत्रकार की आवाज कमजोर होती है, तब समाज के उन लोगों की आवाज भी कमजोर पड़ती है, जिनकी समस्याएं सत्ता और व्यवस्था तक पहुंचाने वाला कोई दूसरा माध्यम नहीं होता।

इसलिए राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर संकल्प केवल प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा का नहीं, बल्कि उस स्वतंत्रता को जीवित रखने वाले पत्रकार के सम्मान, सुरक्षा और स्वाभिमान की रक्षा का भी होना चाहिए।

क्योंकि पत्रकार सुरक्षित नहीं होगा तो सच की आवाज कमजोर होगी, सच की आवाज कमजोर होगी तो जनहित के सवाल दबेंगे और जब जनहित के सवाल दबने लगेंगे, तब लोकतंत्र की मजबूती पर भी प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है।

प्रेस की स्वतंत्रता का वास्तविक सम्मान तभी होगा, जब पत्रकार स्वतंत्र भी हो, सुरक्षित भी हो और सम्मानजनक जीवन जीने में सक्षम भी हो।

सुकून भीतर है, उसे बस बाहर लाना है

संगीता मित्तल

हर इंसान, हर उम्र और हर हाल में एक ही चीज खोज रहा है और वह है खुशी। बच्चा उसे खिलौनों में ढूंढता है, नौजवान उपलब्धियों में। बड़ा कामयाबी और रिश्तों में, बुजुर्ग शायद सुकून और किसी के साथ में। 'यह हासिल कर लूं, तब खुश होऊंगा।' 'बच्चे सैटल हो जाएं, तब जाकर चौन मिलेगा।' 'जिम्मेदारियां निपटें, तब जिंदगी का मजा लूंगा।' खुशी क्षितिज बन जाती है, ठिकाना नहीं। हम जितना बढ़ें, वह उतना हटती जाती है। तो शायद अब एक असहज सवाल का वक्त है, क्या हम गलत जगह तलाश करते रहे? वह पल याद कीजिए जब मनचाही चीज आखिर मिली थी। कुछ देर आप पूरे थे। मन खामोश था, चिंताएं घुल गई थीं और खुशी बिना कोशिश उमड़ रही थी। फिर धीरे–धीरे चमक फीकी पड़ी, नई ख्वाहिशें आईं और उनके लिए फिर से शिकार शुरू। क्या खुशी सचमुच उस उपलब्धि में थी? या ख्वाहिश पूरी होने से बेचौन मन बस इतनी देर चुप हुआ कि हम पहले से मौजूद खुशी चख सके? तैत्तिरीय उपनिषद आनंद को अस्तित्व के गहरे स्वभाव की बुनियाद बताता है। स्थायी तृप्ति बाहर से पाने की नहीं, भीतर पहचानने का विषय है। बाहरी अनुभव सुख और सच्ची खुशी देते हैं। पर जब खुशी पूरी तरह बदलते हालात पर टिकी हो, तो चौन भी उन्हीं जितना अनिश्चित हो जाता है। एक सुंदर वेदांती दृष्टांत है कि एक औरत बदहवास होकर अपना हार ढूंढ रही थी। उसने हर कमरा छाना, हर अलमारी खोली और आसपास सबसे पूछताछ की। आखिर एक सहेली ने मुस्कुराकर कहा, ''हर जगह क्या ढूंढ रही हो? हार तो तुम्हारे गले में ही है।'' औरत ने गले को छुआ और समझ गई। उसे कुछ नया नहीं दिया गया था। उसने बस वही पहचाना जो पहले से मौजूद था। शायद स्थायी खुशी की तलाश भी ऐसी ही है, जो चौन ढूंढ रहे हैं, वह शायद भीतर ही है। जब जिंदगी बनी गुरु रू यह सबक मुझे किताब से नहीं, खोने से मिला। हाल ही में मैंने किसी बेहद अपने को खोया और शास्त्र जिस समझ की ओर बस इशारा करते थे, वह ऐसी गहराई से उतरी, जो कोई उपदेश नहीं दे सकता। अस्पताल के गलियारों में बिताए उन लंबे घंटों में, जहां हर चेहरे पर अनिश्चितता थी, हवा में उम्मीद और दुआ टंगी थी और जिंदगी की नाजुकता से आंख चुराना नामुमकिन था, मुझे जिंदगी के सबसे गहरे सबकों में से एक मिला कि जिंदगी टालने की चीज नहीं, हर दिन जिंदादिली से जीने का विषय है।

'सी.ई.सी.' और चुनाव आयुक्तों को 'पूर्ण कानूनी छूट' समाप्त होनी चाहिए

मनीष तिवारी

विधि का शासन (रूल ऑफ लॉ) वह आधारभूत सिद्धांत है, जो एक संवैधानिक लोकतंत्र को निरंकुशता से अलग करता है। विधि का यह प्रतिष्ठित शासन विक्टोरिया युग की इस उक्ति 'राजा कोई गलती नहीं कर सकता' के बिल्कुल विपरीत खड़ा है। हालांकि, आधुनिक भारत की संवैधानिक रूपरेखा में राज्य को दायित्व से संरक्षण देने का कोई विशेष स्थान नहीं है। भारत सरकार अधिनियम, 1858 के प्रारंभिक दौर में ही 'सैक्रेटरी ऑफ स्टेट इन काऊंसिल' के माध्यम से मुकद्दमा दायर करने और किए जाने के प्रावधान के साथ राज्य के दायित्व को मान्यता दी गई थी। यह प्रावधान, समान रूप से उत्तरवर्ती अधिनियमों और यहां तक कि संविधान के अनुच्छेद 300 में भी जारी रहा, जो इस बात की पुष्टि करता है कि राज्य की भव्य संस्था, चाहे वह कितनी भी अभिन्न, अविभाज्य या संप्रभु क्यों न हो, कानूनी और सामयिक कार्रवाइयों तथा कानून के बल से अछूती नहीं है। यही बात उस संस्था के लिए सच नहीं कही जा सकती जिसे भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का 'तटस्थ मध्यस्थ' माना जाता है, अर्थात भारत का निर्वाचन आयोग। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और पदावधि) अधिनियम, 2023 की धारा 16 को इस प्रकार नियुक्त किए गए मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सी.ई.सी.) और निर्वाचन आयुक्तों (ई.सी.) को पूर्ण कानूनी छूट प्रदान करने के लिए अधिनियमित किया गया था। संविधान निर्माताओं ने कभी यह कल्पना नहीं की थी कि संसद के एक अधिनियम द्वारा विधि के शासन और राज्य के दायित्व को पूरी तरह उलट दिया जाएगा। धारा 16 ने सी.ई.सी. और ई.सी. के चारों ओर शाश्वत और पूर्ण उन्मुक्ति का एक ऐसा



किला खड़ा कर दिया है, जो भारत के राष्ट्रपति को प्राप्त सुरक्षा कवच से भी अधिक अभेद्य है और संवैधानिक न्यायालयों के न्यायाधीशों को उपलब्ध संरक्षणों से भी अधिक निरपेक्ष है। न्यायिक उन्मुक्ति के साथ तुलना विशेष रूप से शिक्षाप्रद है, क्योंकि यह उस जानबूझकर पैदा की गई विषमता को उजागर करती है, जिसे विधायिका लागू करना चाहती थी। न्यायाधीश (संरक्षण) अधिनियम, 1985 की धारा 3(1) यह प्रावधान करती है कि कोई भी न्यायालय किसी न्यायाधीश के विरुद्ध आधिकारिक या न्यायिक कर्त्तव्य के निर्वहन में किए गए किसी भी कार्य के लिए कोई दीवानी या आपराधिक कार्रवाई ग्रहण या जारी नहीं रखेगा। 2023 के अधिनियम की धारा 16 इस प्रावधान का लगभग अक्षरशरू पुनरुत्पादन है, जो इसे आधिकारिक कार्यों के निर्वहन में किए गए कृत्यों के लिए सी.ई.सी. और ई.सी. तक विस्तारित करती है। हालांकि, यह समानता भ्रामक है और इसका अंतर अत्यंत घातक है। 1985 के अधिनियम की धारा 3(2) स्पष्ट रूप से केंद्र सरकार, सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालयों और अन्य सक्षम प्राधिकारियों की उस शक्ति को सुरक्षित रखती है, जिसके तहत वे कानून द्वारा अनुमतरू न्यायाधीशों के विरुद्ध दीवानी, आपराधिक, विभागीय या अन्य कार्रवाई कर सकते हैं। 2023 के अधिनियम में ऐसा कोई सेविंग क्लॉज मौजूद नहीं है। यह तर्क कि सी.ई.सी. और ई.सी. के कदाचार के लिए महाभियोग ही उपयुक्त संवैधानिक उपचार है, मौलिक रूप से भ्रामक है। अनुच्छेद 124(4) के साथ पठित अनुच्छेद 324(5) के तहत सी.ई.सी. का महाभियोग एक राजनीतिक प्रक्रिया है, न कि कोई आपराधिक मुकद्दमा। इसका उद्देश्य महाभियोग योग्य आधारों पर किसी अनुपयुक्त व्यक्ति को पद से हटाकर जनहित की रक्षा करना है, न कि किसी व्यक्ति पर दंडात्मक उपाय लागू करना। संविधान सी.ई.सी. को पद के कार्यकाल के दौरान किए गए कृत्यों के लिए आपराधिक दायित्व से उन्मुक्ति प्रदान नहीं करता। इससे यह स्पष्ट होता है कि अनुच्छेद 61 के तहत महाभियोग की कार्रवाई को छोड़कर, व्यक्तियों को दोषी ठहराने और पद से हटाने की संसद की शक्ति कदाचार के लिए आपराधिक उपचारों के साथ अति व्यापी नहीं होती। भारतीय राजनीतिक संदर्भ में महाभियोग की व्यावहारिक वास्तविकता इसे एक भ्रामक उपचार बना देती है। यह प्रक्रिया अत्यंत लंबी है, जिसके लिए ऐसी राजनीतिक सहमति की आवश्यकता होती है, जो ध्रुवीकृत राजनीति में शायद ही कभी मिल पाती है और इसे अक्सर अनिच्छुक पीठासीन अधिकारियों द्वारा बाधित किया जाता है, जिन्होंने व्यक्तिपरक आधारों पर हटाने के प्रस्तावों को बार–बार खारिज किया है। जब निंदनीय कृत्य के लिए उत्तरदायी व्यक्ति को बहुमत दल या सत्तारूढ़ व्यवस्था का समर्थन प्राप्त हो, तो महाभियोग की कार्रवाई कभी भी सफल नहीं हो पाएगी और कार्यपालिका तथा उसके द्वारा नियुक्त व्यक्तियों को जवाबदेह ठहराने का विपक्ष का संवैधानिक कर्त्तव्य विफल हो जाता है। एक स्वस्थ और जवाबदेह लोकतंत्र के लिए, ऐसी कार्रवाइयों के दौरान होने वाली जांच और गवाहियों को संसद में महाभियोग के अनुच्छेदों पर मुकद्दमा चलने से काफी पहले आधिकारिक गोपनीयता के पर्दे से बाहर निकालकर सार्वजनिक जांच के लिए लाया जाना चाहिए। अन्यथा, संवैधानिक संस्थाओं में विश्वास का क्षरण अपरिहार्य हो जाता है।

12 सूत्रीय मांगों को लेकर आयकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रयागराज। संयुक्त कार्य परिषद (श्रू।) नई दिल्ली के आह्वान पर सोमवार को आयकर कार्यालय इलाहाबाद में कर्मचारियों ने अपनी लंबित 12 सूत्रीय मांगों के समर्थन में भोजनावकाश के दौरान प्रदर्शन किया। मांगों में कैडर रिव्यू और पुनर्गठन, अखिल भारतीय वरिष्ठता सूची, प्ै भर्ती नियम 2015 में संशोधन, प्ब्ज पॉलिसी की बहाली, अदालती फैसलों का कार्यान्वयन और अधि ाकारियों को लैपटॉप प्रदान करना शामिल है। शाखा अध्यक्ष भगवान अजमत हुसैन की अध्यक्षता में हुई सभा में जोनल सचिव नागेंद्र सिंह यादव ने मांगों पर विस्तार से चर्चा की। सभा को महेश मिश्र, नरेंद्र वर्मा और विपिन मिश्रा ने संबोधित किया, जबकि संचालन शाखा सचिव श्रीयांक आनंद ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में आयकर अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनगणना से बिगाडी यूपी बोर्ड की प्रैक्टिकल परीक्षा की तिथियां

दिसम्बर नहीं पांच जनवरी 2027 से शुरू होगी प्रैक्टिकल परीक्षाएं

प्रयागराज। आज से देश और प्रदेश में शुरू जनगणना ने एशिया की सबसे बडी परीक्षा कराने वाली संस्था उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज (यूपी बोर्ड) की परीक्षा प्रभावित कर दिया है। यूपी बोर्ड की जो प्रैक्टिकल की परीक्षाएं दिसम्बर – 2026 से शुरू होकर 15 जनवरी 2027 तक खत्म होनी थी वह अब पांच जनवरी 2027 से शुरू होकर मूल्यांकन तक चलेगी।

इस बार हाई स्कूल और इण्टर मीडिएट अर्थात 10वीं और 12वीं में परीक्षा के लिए 52,11,570 छात्र – छात्राएं पंजीकृत हैं जबकि पिछले साल 53,37,432 परीक्षार्थी थे। यूपी बोर्ड ने प्रैक्टिकल परीक्षा की तैयारियां शुरु कर दी थी, इसी बीच आज से देश और प्रदेश में जनगणना शुरू हो गयी है जिसमें अलग – अलग विभागों के बडी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी लगाये गये है। इन अधिकारियों और कर्मचारियों के जनगणना में लगाये जाने से प्रैक्टिकल परीक्षाएं प्रभावित हो रही है ऐसे में यूपी बोर्ड ने प्रैक्टिकल परीक्षा कीतिथियां

यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि जनगणना शुरू हो गयी है ऐसे में जो प्रैक्टिकल परीक्षाएं दिसंबर माह में होनी थी वह अब पांच जनवरी 2027 से शुरू होकर मूल्यांकन तक संपन्न होगी जिससे जनगणना भी प्रभावित ना होने पाए।

परीक्षा से जुडे सभी कर्मियों का बनेगा आईकार्ड : सचिव

प्रयागराज। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा – 2027 से जुडे सभी कर्मियों का आईकार्ड बनेगा। उन्होंने बताया कि जो भी कर्मचारी बिना आईकार्ड के परीक्षा के दौरान डियूटी करते हुए पकडा जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष परीक्षा के दौरान डीआईओएस कार्यालय के बाबुओं और प्रबंधकों की मिलीभगत से कई विद्यालयों में शिक्षक और कर्मचारियों की फर्जी डियूटी लग गयी थी जिससे परीक्षा के दौरान व्यापक स्तर पर गडबडी हुई थी।

स्काउट्स-गाइड्स की जिला रैली में बिखरे रचनात्मकता के रंग, प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

महिला कल्याण समिति की पदाधिकारियों ने बढ़ाया उत्साह, देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज, 16 नवंबर। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल की ओर से आयोजित स्काउट्स एवं गाइड्स की आठवीं जिला रैली में रविवार को रचनात्मकता, कला और सांस्कृतिक प्रतिभा का अनूठा संगम देखने को मिला। डीएसए ग्राउंड में आयोजित मेहंदी, ड्राइंग, रंगोली और क्राफ्ट प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी कल्पनाशीलता और हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया।

13 से 16 नवंबर तक आयोजित इस चार दिवसीय जिला रैली में प्रयागराज मंडल के विभिन्न स्टेशनों और इकाइयों से आए करीब 300 स्काउट्स एवं गाइड्स उत्साहपूर्वक हिस्सा ले रहे हैं। रैली का शुभारंभ अपर मंडल रेल प्रबंधक (सामान्य) एवं जिला मुख्य आयुक्त, स्काउट्स एवं गाइड्स दीपक कुमार ने किया था।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में महिला कल्याण समिति की उपाध्यक्षा प्रज्ञा दीपक, सचिव प्रिया मिश्रा, उप सचिव आकांक्षा राणा सहित समिति की अन्य पदाधिकारी मौजूद रहीं। उनकी उपस्थिति में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा और सृजनात्मक कौशल का परिचय दिया। मेहंदी और रंगोली की आकर्षक कलाकृतियों के साथ ड्राइंग एवं क्राफ्ट के माध्यम से भी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा को अभिव्यक्त किया।

इसके अलावा देशभक्ति गीतों, समूह नृत्य और लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए देश की समृद्ध परंपराओं, सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रदर्शित किया गया।

रैली का उद्देश्य युवाओं को केवल प्रतियोगिताओं के मंच तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उनमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता, सेवा भावना और सामूहिक कार्य करने की भावना विकसित करना भी है। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका समझने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

चार दिवसीय इस जिला रैली का समापन सोमवार, 16 नवंबर को होगा। आयोजन को सफल बनाने में प्रयागराज मंडल के संबंधित विभागों और स्काउट्स एवं गाइड्स के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



स्वतंत्रता सेनानियों पर पोर्ट्रेट प्रतियोगिता खानम आर्ट गैलरी में हुई आयोजित

अंकिता कुमारी, अंजली यादव को स्पेशल, जकरिया प्रथम, उमर द्वितीय चमन यादव, प्रांजल और मुस्तफा को मिला तृतीय पुरस्कार





प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। स्वतंत्रता सेनानी विषयक पोर्ट्रेट प्रतियोगिता एवं लाइव डेमोंस्ट्रेशन खानम आर्ट गैलरी में आयोजित किया गया। 15 से 45 वर्ष के छात्र–छात्रा और कलाकारों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुम्बई से आयीं जुबैदा वेलफेयर सेंटर की अध्यक्ष डेजी जैदी, गैलरी डारेक्टर जाहेदा खाघनम एवं तलत महमूद ने बच्चों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डेजी जैदी को उनके समाजिक कार्यों के लिए सम्मानित भी सम्मानित किया गया।

इनाम जीतने वालों में अंकिता कुमारी एवं अंजली यादव को उनके काम को देखते हुए स्पेशल प्राइज दिया गया। जबकि प्रथम पुरस्कार जकरिया नसीम, द्वितीय पुरस्कार मो. उमर, तृतीय पुरस्कार चमन यादव, प्रांजल और मुस्तफा को दिए गए। सांत्वना पुरस्कार सबा और नीरज बिन्द मिला। इसके अलावा सभी प्रतियोगियों को सर्टिफिकेट किया गया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में रवीन्द्र कुशवाहा सदस्य, राज्य ललित कला अकादमी एवं एमीनेंट आर्टिस्ट तलत महमूद मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेजध डा जाहेदा खाघनम रहे। वहीं आर्टिस्ट शुभम कुशवाहा ने डेमोंसट्रेशन दे खूब वाहवाही लूटी। जिसकी लोगों ने जमकर तारीफ किया।

इस अवसर पर गणमान्य व्यक्ति, कलाकार और कला प्रेमी उपस्थित रहे। जिनमें लक्ष्मी नारायण, कलाकार जफर, पोर्ट्रेट आर्टिस्ट शुभम सहित अनेक कलाकार शामिल थे। सभी लोगों ने खानम आर्ट गैलरी के इस प्रयास की सराहना की।

ब्लाक उरुवा पट्टीनाथ राय में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर से ग्रामप्रधान प्रतिनिधि समेत दो घायल, एक कि गम्भीर हालत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मेजा प्रयागराज उरुवा ब्लॉक स्थित पट्टी नाथ राय गांव के समीप दोपहर करीब दो बजे दो बाइकों की आमने–सामने



जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में पट्टी नाथ राय के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संदीप मिश्रा समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, दुर्घटना में संदीप मिश्रा का बायां पैर टूट गया, जबकि दूसरी बाइक पर सवार जिम्मी नामक युवक को भी गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां एक घायल की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त दोनों बाइकों को कब्जे में ले लिया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और अचानक सामने से बाइक आ जाने को हादसे की संभावित वजह माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच–पड़ताल में जुटी हुई है। इस हादसे से परिवार वालो में चिंता बनी हुई हैं।

डाला छठ पर उगते सूर्य को दिया अर्घ्य, उल्लास से झूम उठा जारी बाजार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

जारी, प्रयागराज। जारी गल्ला मंडी समिति परिसर में दिन सोमवार को छठ पूजा का महापर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया।

महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया और परिवार के सुख समृद्धि के मंगल कामना की छठी मैया का सभी महिलाओं ने जल का छिड़काव कर सुख समृद्धि की कामना की।



जारी बाजार, गल्ला मंडी स्थित 'सुधीर कुमार साहू उर्फ बऊआ व सुबोध कुमार साहू' ने अपने परिवार के संग और 'जारी कस्बे की महिलाओं' ने छठ पूजा का महापर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया। तो वही सुबोध कुमार साहू ने बताया कि सूर्योदय की आराधना और छठी मैया के प्रति अटूट आस्था का यह महापर्व हमें श्रद्धा संयम समर्पण एवं प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का संदेश देता है। छठी मैया एवं भगवान सूर्योदय से प्रार्थना है कि समस्त जनमानस के जीवन में सुख शांति समृद्धि एवं आरोग्य का संचार हो।

भोर होते ही बने जलाशय पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। व्रती महिलाओं ने बांस के डाला में ठेकुआ, फल, नारियल, गन्ना और फूल सजाकर कमर भर पानी में खड़े होकर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। जैसे ही और"जय छठी मैया" के मंगल गीतों पारंपरिक लोकधेनू और भक्ति से शराब और वातावरण में छतवान वृत्तियां से आत्मीय भेंट कर उनका स्नेह एवं आशीर्वाद प्राप्त किया साथ ही सभी श्रद्धालुओं को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं भी दी। अर्घ्य के बाद सभी ने एक–दूसरे को प्रसाद बांटकर सुख–समृद्धि, परिवार की खुशहाली और संतान की लंबी उम्र की कामना की। और उत्साह का माहौल बना रहा।

विजय पटेल को क्षेत्रीय मंत्री बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

धनंजय कुमार पांडे

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सोरांव भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा भाजपा पिछड़ा मोर्चा, काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री पद पर विजय पटेल को मनोनीत किए जाने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष और उत्साह का माहौल है। इसी क्रम में आज शिवगढ़ स्थित लक्ष्मी धाम सहित विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने विजय पटेल का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया।

स्वागत समारोह के दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख सोरांव एडवोकेट आलोक पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि विजय पटेल को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना उनके



संगठन के प्रति समर्पण, मेहनत और निष्ठा का सम्मान है। उन्होंने विश्वास जताया कि विजय पटेल अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करते हुए संगठन को और अधि ाक मजबूत बनाने का कार्य करेंगे।

वहीं भाजपा के पूर्व उपाध यक्ष धीरेंद्र केशरवानी ने कहा कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व सदैव समर्पित एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने का कार्य करता रहा है। विजय पटेल का मनोनयन इसी कार्यकर्ता सम्मान की परंपरा का उदाहरण है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व और सक्रियता से पिछड़ा मोर्चा काशी क्षेत्र में नई ऊर्जा के साथ संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिलेगी।

इस अवसर पर रंजीत केशरवानी एडवोकेट, नवल किशोर, रामनरेश विश्वकर्मा, घनश्याम पासी, योगेश पटेल, राजू पटेल, सुनील एवं विजय गुप्ता सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विजय पटेल को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

परिषदीय विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं आज से

सचिव बेसिक शिक्षा सुरेन्द्र तिवारी ने जारी किया परीक्षा का निर्देश
कहा कि 21 नवंबर तक चलेगी परीक्षाएं
कक्षा एक के विद्यार्थियों की परीक्षा मौखिक, दो - तीन में लिखित के साथ होगी मौखिक परीक्षा : सचिव

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। प्रदेश के लाखों परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले करीब तीन करोड विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक सत्र 2026 – 27 की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं 17 नवंबर मंगलवार से शुरू होकर 21 नवंबर तक आयोजित की गयी है। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज ने कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी करते हुए तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश प्रदेश के सभी बीएसए और एडी बेसिक को दिए हैं।

बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि आज बताया कि कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है, परीक्षा



कराकर समय से रिजल्ट घोषित करने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया है कि परीक्षा संबंधी तैयारियां निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी कर ली जाएं, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं में विद्यार्थियों कौं कक्षा के अनुरूप परीक्षा का स्वरूप निर्धारित किया गया है। कक्षा एक के विद्यार्थियों की परीक्षा मौखिक होगी। कक्षा दो और तीन में लिखित के साथ मौखिक परीक्षा भी आयोजित की जाएगी। इसी तरह कक्षा चार और पांच के विद्यार्थियों को भी निर्धारित व्यवस्था के अनुसार लिखित और मौखिक परीक्षाएं देनी होंगी। कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों की परीक्षाएं लिखित होंगी। परीक्षाओं में हिंदी, गणित, अंग्रेजी, संस्कृत अथवा उर्दू, सामाजिक विषय, कला–संगीत, विज्ञान और पर्यावरण अध्ययन सहित विभिन्न विषय शामिल होंगे। अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के लिए माडल प्रश्नपत्र जनपद स्तर पर तैयार कराए जाएंगे।

सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि शैक्षिक सत्र 2026–27 की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं 17 से 21 नवंबर तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कराई जाएंगी। प्रश्नपत्रों का समय से मुद्रण और वितरण सुनिश्चित करने, गोपनीयता व समय परिणाम घोषित करने के निर्देश दिए गए थे।

विवेक जायसवाल जिला मंत्री और विष्णु गुप्ता बने ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में हर्ष

नई जिम्मेदारी मिलने पर समर्थकों ने दी बधाई, संगठन को मजबूत बनाने की जताई उम्मीद

प्रातः काल एक्सप्रेस

जारी, प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा में विवेक जायसवाल को जिला मंत्री और विष्णु गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर है। दोनों नेताओं को नई जिम्मेदारी मिलने पर समर्थकों ने बधाई देते हुए शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया।कार्यकर्ताओं ने कहा कि दोनों नेताओं के संगठनात्मक अनुभव और सक्रियता से पार्टी



को मजबूती मिलेगी। साथ ही ओबीसी समाज के लोगों को संगठन से जोड़ने और पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। समर्थकों ने विश्वास जताया कि दोनों नेता अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

यूपी बोर्ड ने बनाए 8113 परीक्षा केन्द्र

परीक्षा केन्द्र की दूरी सुधारने के लिए 21 तक करें आनलाइन आवेदन
प्रयागराज में अब बनाये गये 335 परीक्षा केन्द्र
परीक्षा केंद्रों की सूची वेबसाइट नचउेच.मकन.पद पर है उपलब्ध
केन्द्रों में सुधार के बाद फाइनल केन्द्रों के निर्धारण की सूची 27 को होगी जारी : सचिव भगवती सिंह

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। यूपी बोर्ड ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के प्रस्तावित केंद्रों की सूची जारी कर दी है जिसे बोर्ड की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। प्रदेश में कुल 8113 परीक्षा केंद्र हो गए हैं। इनमें 619 जीआइसी, 3383 वित्त पोषित विद्यालय, 4111 वित्त विहीन विद्यालय हैं। अनंतिम सूची 27 नवंबर को जारी की जाएगी। इससे पहले परीक्षा केंद्र की विद्यालय से दूरी व आवंटित परीक्षार्थियों से संबंधी आपत्तियों को निस्तारण किया जाएगा। यदि किसी को इस तरह की आपत्ति हो तो 21 नवंबर तक आनलाइन प्रत्यावेदन भेज सकता है। आपत्तियों के साथ ठोस साक्ष्य और उचित कारण देना अनिवार्य है।

यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने आज बोर्ड मुख्यालय में बताया कि विद्यालय की आइडी से ही आनलाइन पोर्टल पर आपत्ति भेजनी होगी। 21 नवंबर के बाद कोई प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया



जाएगा। परीक्षा केंद्रों की सूची वेबसाइट नचउेच.मकन.पद पर देखी जा सकती है। बोर्ड ने साफ्टवेयर की मदद से कुल 7526 केंद्र बनाए थे। इनमें862 जीआइसी, 2376 वित्त पोषित विद्यालय, 3388 वित्त विहीन विद्यालय केंद्र बने थे। डीएम की अध्यक्षता में गठित जनपदीय केंद्र निर्धारण समिति के अनुमोदन के बाद 8113 परीक्षा केन्द्र बनाए गये है।

यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि प्रयागराज में 269 विद्यालयों को केंद्र बनाया गया था अब यहां 335 केंद्र हो गए हैं। यह संख्या प्रदेश में सब से अधि ाक है। सब से कम केंद्र शामिली में हैं, यहां कुल 31 विद्यालय केंद्र बने हैं। इनमें चार जीआइसी, 18 वित्त पोषित, नौ वित्त विहीन स्कूल केंद्र बने हैं। बागपत जनपद में किसी भी वित्त विहीन विद्यालय को केंद्र नहीं बनाया गया है। यहां कुल 35 परीक्षा केंद्र बने हैं। दो जीआइसी और 33 वित्त वित्त पोषित विद्यालय हैं। प्रयागराज मंडल के जिलों की बात करें तो प्रतापगढ़ में 180, फतेहपुर में 113, कौशांबी में 79 परीक्षा केंद्र बने हैं। लखनऊ जनपद में 119, बरेली में 131 केंद्र बनाए गए हैं। आजमगढ़ में 273 केंद्र बनाए गए हैं।

विद्युतकर्मियों के द्वारा अभद्रता को लेकर व्यापारी हुए खफा, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। बिजलीकर्मियों के द्वारा व्यापारियों के उत्पीड़न को लेकर खफा व्यापार मण्डल पदाधिकारियों ने सोमवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। रानीगंज कैथौला उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार



मण्डल के अध्यक्ष जय प्रकाश जायसवाल की अगुवाई में व्यापारियों का जत्था यहां तहसील मुख्यालय पहुंचा। व्यापारियों ने एसडीएम वाचस्पति सिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बाजार में विद्युतकर्मियों पर जबरन वसूली तथा अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया गया है। व्यापारियों ने एसडीएम से विद्युत मीटर रीडिंग में भी अनियमितता की शिकायत दर्ज करायी है। ज्ञापन के जरिए एसडीएम से विभागीय कार्यशैली में सुधार की मांग की गयी है। इस मौके पर संतोष कुमार तिवारी, रमेश केसरवानी, अखिलेश साहू, तीरथ प्रसाद केसरवानी, अजय कुमार, रामबाबू सोनी, गोविन्द केसरवानी, रामबाबू जायसवाल, राजकुमार सिंह, संतोष शर्मा, कुलदीप, महेन्द्र कुमार आदि रहे।

युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, भाई ने दर्ज कराया मुकदमा

प्रातः काल एक्सप्रेस

संग्रामगढ़। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच, उपनिरीक्षक मुन्ना सिंह यादव को सौंपी गई जिम्मेदारी संग्रामगढ़ संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के बिंदा दुबे का पुरवा निवासी एक युवक ने अपनी 20 वर्षीय बहन को बहला–फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हरिशंकर पटेल पुत्र हीरालाल पटेल निवासी बिंदा दुबे का पुरवा ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि 14 नवंबर 2026 की शाम करीब 7रू15 बजे उसकी छोटी बहन दिव्या पटेल को आरिफ पुत्र अज्ञात निवासी कोटा भवानीगंज बहला–फुसलाकर शादी करने के उद्देश्य से अपने साथ ले गया। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन युवती का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पीड़ित भाई ने 15 नवंबर को संग्रामगढ़ थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित सूचना दी और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक मुन्ना सिंह यादव को सौंपी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर युवती की तलाश में जुटी है।

1857 की वीरांगना ऊदा देवी पासी के बलिदान को सपाइयों ने किया याद

सपा कार्यालय में पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके साहस और देशभक्ति को किया नमन

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर सोमवार को पार्टी कार्यालय में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना ऊदा देवी पासी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके संघर्ष, साहस और देशभक्ति को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष सुरेंद्र



प्रताप सिंह ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी पासी का जीवन साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की मिसाल है। उन्होंने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ अदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरतापूर्वक युद्ध किया और देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका संघर्ष और बलिदान हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऊदा देवी पासी का जीवन समाज की महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके विचारों से नई पीढ़ी को देशप्रेम तथा अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव चौधरी मंजर यार ने किया। इस मौके पर वीरेंद्र यादव, दयालु गुप्ता, दलजीत निषाद, रामतीर्थ परमहंस, हीरालाल निषाद, रामनारायण निषाद, डीजी कुशवाहा, हीरालाल साहू, बाबू सिंह कुशवाहा, डॉ. अमित पाल, धीरेन्द्र निषाद, कपिल यादव, अंकित यादव, ललित उमराव, जितेंद्र पासवान, विमलेश पटेल, नागेंद्र यादव, असरार अहमद, मनोज कुमार, बालचंद्र, कामता प्रसाद, इन्द्रसेन पासी, अंकित सिंह और दिनेश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आटो की टक्कर से महिला की मौत, कोहराम

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। आटो की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के शकूहाबाद तिलौरी गांव निवासिनी पचपन वर्षीया शाहजहां बेगम पत्नी मो0 अशफाक सोमवार को सुबह बाइक से अपने बेटे के साथ रिश्तेदारी जा रही थी। हण्डौर चौराहा के पास सुबह करीब दस बजे आटो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गयी। आसपास के लोगों ने घायल को इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के एक पुत्र व एक पुत्री हैं। एसओ राधेश्याम का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

ट्रक चालक से लूट और मारपीट के मामले में राजा ठाकुर को जमानत

वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद खान और अंशुमान सिंह की प्रभावी पैरवी के बाद सत्र न्यायालय ने सुनाया आदेश

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। खागा क्षेत्र में ट्रक चालक और परिचालक के साथ मारपीट कर लूटपाट करने तथा शिकायतकर्ता पर पत्थर से हमला करने के मामले में जेल में निरुद्ध आर्यन सिंह उर्फ राजा ठाकुर को सत्र न्यायालय से जमानत मिल गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद खान और अधिवक्ता अंशुमान सिंह की ओर से की गई पैरवी के बाद सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार–वी ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और केस डायरी सहित अभियोजन अभिलेखों का अवलोकन करने के बाद 16 नवंबर को जमानत प्रार्थना पत्र स्वीकार कर लिया। अभियोजन के अनुसार वादी विकास मिश्रा उर्फ रानू मिश्रा ने 24 सितंबर 2026 को खागा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि 23 सितंबर को वह अपने मित्र राहुल सिंह के साथ खागा नेशनल हाईवे की सर्विस लेन पर थे। इसी दौरान उन्होंने ट्रक चालक यूनुस और परिचालक जमील के साथ कुछ लोगों को मारपीट करते देखा। दोनों ने बताया कि वे ट्रक संख्या पीबी–11ध्डीके–6592 में नवीन मंडी खागा से गेहूं लादकर बिहार जा रहे थे। मंडी से कुछ दूरी पर सर्विस लेन में खाना बनाने के दौरान चार लोगों ने ट्रक हटाने को लेकर विवाद किया और उनके साथ मारपीट कर दो हजार रुपये, ड्राइविंग लाइसेंस व आधार कार्ड छीन लिए। आरोप है कि बाद में आरोपित दोबारा मौके पर पहुंचे और शिकायतकर्ता के सिर पर पत्थर से हमला कर दिया। मामले में आर्यन सिंह उर्फ राजा ठाकुर, गोलू उर्फ दिवाकर, अमन बाजपेयी



और मेजर को नामजद किया गया था। पुलिस ने आर्यन सिंह को 15 अक्टूबर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 290 रुपये बरामद करने का दावा किया था। बचाव पक्ष ने प्राथमिकी दर्ज कराने में देरी, राजनीतिक रंजिश में फंसाए जाने, स्वतंत्र गवाह के अभाव और कथित बरामदगी पर सवाल उठाते हुए जमानत की मांग की। वहीं जिला शासकीय अधिवक्ता ने अपराध की गंभीरता और अभियुक्त की कथित संलिप्तता का हवाला देते हुए जमानत का विरोध किया। न्यायालय ने आदेश में उल्लेख किया कि तीनों घायलों की मेडिकल रिपोर्ट में चोटें साधारण प्रकृति की थीं, कथित बरामदगी का कोई स्वतंत्र जनसाक्षी नहीं था, अभियुक्त का कोई आपराधिक इतिहास भी अभियोजन की ओर से नहीं बताया गया तथा आरोपपत्र दाखिल हो चुका है। इन परिस्थितियों को देखते हुए न्यायालय ने जमानत का पर्याप्त आधार मानते हुए आर्यन सिंह उर्फ राजा ठाकुर को 50 हजार रुपये के व्यक्तिगत बंधपत्र और समान धनराशि के दो विश्वसनीय जमानतदार प्रस्तुत करने की शर्त पर रिहा करने का आदेश दिया। न्यायालय ने साक्ष्यों से छेड़छाड़ न करने, गवाहों को प्रभावित या धमकाने का प्रयास न करने और विचारण के दौरान निर्धारित तिथियों पर उपस्थित रहने सहित सात शर्तें भी लगाई हैं।

छठ घाट पर पत्नी संग पहुंचे सपा प्रवक्ता डीपी यादव, सूर्यदेव को अर्पित किया अर्घ्य

छठ महापर्व आस्था, तपस्या, अनुशासन और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक - डीपी यादव

प्रातः काल एक्सप्रेस

लखनऊ। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता डीपी यादव ने अपनी धर्मपत्नी के साथ सूर्या विहार घाट पर पहुंचकर विधि–विधान से पूजा–अर्चना की। उनकी धर्मपत्नी ने पूरे श्रद्धा भाव से छठ व्रत रखा और सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार एवं देश की सुख–समृद्धि, खुशहाली और निरोगी जीवन की कामना की। डीपी यादव ने भी अपनी पत्नी के साथ पूजा में सहभागिता करते हुए छठी मैया और भगवान सूर्य के प्रति आस्था प्रकट की। इस अवसर पर सपा प्रवक्ता डीपी यादव ने कहा कि छठ महापर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आस्था, तपस्या, त्याग, अनुशासन और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का अनुपम प्रतीक है। यह पर्व हमें स्वच्छता, संयम, समर्पण और सामाजिक एकता का संदेश देता है। भगवान सूर्य समस्त संसार को ऊर्जा और जीवन प्रदान करते हैं। छठी मैया की आराधना के माध्यम से श्रद्धालु अपने परिवार और समाज के सुख, शांति एवं कल्याण की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में छठ पर्व का विशेष महत्व है, जो लोगों को प्रकृति के प्रति सम्मान और पारिवारिक एकजुटता की प्रेरणा देता है। अंत में उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए कामना की कि यह पर्व



सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।

66 साल की शैक्षिक विरासत का जश्न, मेधावियों को लैपटॉप देकर किया सम्मानित

प्रातः काल एक्सप्रेस

असोथरध्फतेहपुर। दोआबा क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने वाले सर्वोदय इंटर कॉलेज ने अपने गौरवशाली 66 वर्ष पूरे कर लिए। 15 नवंबर 1960 को स्थापित विद्यालय का स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव सोमवार को उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के प्रति समर्पण के साथ मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान समारोह आकर्षण का केंद्र रहा। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की टॉपर छात्रा कोमल को विद्यालय प्रबंधक विनय सिंह गौतम और प्रधानाचार्य संतोष सिंह चौहान ने लैपटॉप भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन ने हाईस्कूल की मेधावी छात्राओं शिवरानी देवी, सादिया बानो और छात्र आदर्श पाल की आगे की पढ़ाई का खर्च विद्यालय द्वारा वहन किए जाने की घोषणा की। इन विद्यार्थियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने गीत, कहानी, नाटक और समूह नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। डीजे की मधुर धुन पर विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। मंच से प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हुए उनके सपनों को उड़ान देने का संदेश दिया गया। विभिन्न प्रस्तुतियों में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सर्वोदय इंटर कॉलेज का इतिहास शिक्षा और उपलब्धियों से जुड़ा रहा है। यहां से शिक्षा प्राप्त करने वाले अनेक



छात्र–छात्राओं ने देश–विदेश में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में मनोज मिश्रा, आलोक सिंह गौतम और रामशरन अवस्थी जुटे रहे। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर, अनुज सिंह गौतम, शिवबदन सिंह समेत नगर के गणमान्य नागरिक और अभिभावक मौजूद रहे।

खेल आधारित शिक्षण से निखरेगी विद्यार्थियों की प्रतिभा, डायट में स्पर्धा प्रशिक्षण शुरू

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), मंझनपुर में सोमवार को खेल आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 'स्पर्धा' का शुभारंभ हुआ। 16 से 18 नवंबर तक आयोजित इस प्रशिक्षण में बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के करीब 100 शारीरिक शिक्षा शिक्षक–शिक्षिकाएं प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रशिक्षण का शुभारंभ उप शिक्षा निदेशक व डायट प्राचार्य निधि शुक्ला की अगुवाई में हुआ। वरिष्ठ प्रवक्ता अनूप कुमार के मार्गदर्शन में



आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों में खेलों के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ खेल आधारित शिक्षण, शारीरिक दक्षता व खेल प्रबंधन की सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक जानकारी देना है। प्रशिक्षण के पहले दिन खेल संस्कृति, खेलों का वर्गीकरण, खेल मैदान का निर्माण व मापन, खेल प्रबंधन, खेल तकनीक और शारीरिक दक्षता के विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में शिक्षकों को खेल गतिविधियों के प्रभावी संचालन से जुड़ी बारीकियों की जानकारी देने के साथ व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। संदर्भदाता के रूप में डायट प्रतापगढ़ के प्रवक्ता डा. विवेक तिवारी, लाल बहादुर शास्त्री इंटरमीडिएट कालेज चायल के सहायक अध्यापक विनोद कुमार व डायट कौशांबी की प्रवक्ता डा. वंदना सिंह प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रशिक्षण के नोडल प्रवक्ता डा. देवेश सिंह यादव हैं। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विद्यार्थियों में खेल प्रतिभाओं की पहचान, खेल कौशल के विकास, खेलों के शैक्षिक महत्व व विद्यालय स्तर पर खेल गतिविधियों के बेहतर आयोजन की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण में अर्जित ज्ञान व कौशल को विद्यालयों में लागू कर खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक व सर्वांगीण विकास को गति देने पर जोर दिया जा रहा है। इस अवसर पर डायट के समस्त प्रवक्ता व प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहे शिक्षक–शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

लालगंज ब्लाक मुख्यालय पर सशक्तीकरण शिविर आज

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। सरयू समाज कल्याण संस्थान द्वारा आज मंगलवार को लालगंज ब्लाक परिसर में दिव्यांग सशक्तीकरण एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में चयनित लाभार्थियों व वृद्धजनों को सहायक उपकरण प्रदान होंगे। यह जानकारी विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने देते हुए बताया कि शिविर में लालगंज के साथ सांगीपुर तथा रामपुर संग्रामगढ़ के भी चयनित लाभार्थियों को उपकरण प्रदान किये जाएंगे।

20 साल पुराने संघर्ष को याद कर नीम के पेड़ से लिपटकर भावुक हुए किसान नेता अजय सोनी, सकिपा का हल्लाबोल

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में सोमवार को जिला मुख्यालय मंझनपुर में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने किसानों, गरीबों और आम जनता के मुद्दों को लेकर सड़क पर उतरकर हल्लाबोल किया और 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। इससे पहले जिला पंचायत परिसर मंझनपुर में कार्यकर्ता और पदाधिकारी एकजुट हुए। इस मौके पर पार्टी नेता अजय सोनी ने अपने दो दशक से अधिक के संघर्ष को याद किया और भावुक हो उठे। उन्होंने बताया कि 20 साल पहले 16 नवंबर 2006 को नहर में पानी छोड़े जाने की मांग को लेकर उनकी अगुवाई में डायट परिसर में नीम के पेड़ के नीचे अनिश्चितकालीन धरना शुरू हुआ था। अजय सोनी ने कहा कि 2005 से ही नहर में पानी की



मांग को लेकर कई बार एकदिवसीय धरना दिया, लेकिन पानी नहीं छोड़ा गया। इसके बाद 16 नवंबर 2006 को कुछ लोगों के साथ धरना शुरू किया गया। लगातार 4 माह के दिन–रात के धरने के बाद सूखी करारी माइनर नहर में 25 साल बाद पानी आया था। इस अवसर पर उन्होंने 20 साल के संघर्ष में साथ देने वालों का आभार जताया। इसके बाद सभी लोग जिला पंचायत परिसर से नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट की ओर चले। रास्ते में डायट परिसर में मौजूद उसी नीम के पेड़ से लिपटकर अजय सोनी भावुक हो गए, जिसकी छांव में 20 साल पहले 4 महीने धरना दिया था। कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर अपर जिलाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता को 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में नहरों में जलापूर्ति, समितियों से किसानों को खाद का वितरण, नलकूप किसानों को ट्रांसफार्मर, खंभा, तार का वितरण, कृषि फीडर में 12 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे रोस्टर से विद्युत आपूर्ति, जिले की जर्जर सड़कों की मरम्मत और गांव–गांव जल जीवन मिशन के तहत जलापूर्ति चालू कराने जैसी मांगें शामिल थीं। अपर जिलाधिकारी ने सभी मांगों पर समुचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर पार्टी के प्रयागराज मंडल अध्यक्ष प्रेमचंद्र केसरवानी, राजेश गौतम, फूलचंद्र लोधी, डॉ. राम प्रताप विश्वकर्मा, वेद यादव, राजवंत सिंह, रोहित सोनी, वीरेंद्र सिंह, राजू सिंह, जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।

कैंट में पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ, दो सप्ताह की दहशत के बाद लोगों ने ली राहत की सांस

प्रातः काल एक्सप्रेस

वाराणसी। कैंट क्षेत्र में पिछले करीब दो सप्ताह से लोगों के लिए परेशानी और दहशत का कारण बना तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के लगाए पिंजरे में कैद हो गया। बकरी को शिकार बनाने के लालच में जैसे ही तेंदुआ पिंजरे के अंदर दाखिल हुआ, उसका शटर बंद हो गया। तेंदुए के पकड़े जाने की खबर मिलते ही क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार, कैंट और आसपास के इलाकों में तेंदुए की लगातार मौजूदगी से लोग भयभीत थे। कई बकरियों को अपना शिकार बनाने के बाद वन विभाग ने उसकी गतिविधियों पर नजर रखते हुए पिंजरा लगाया था। बंगला नंबर 61 के पास लगाए गए पिंजरे में बकरी को चारे के रूप में रखा गया था। आखिरकार तेंदुआ उसमें फंस गया।स्थानीय निवासी पॉल जेनिया के मुताबिक, तेंदुए की दहशत से लोगों का सामान्य जीवन प्रभावित हो रहा था। सूचना मिलते ही मौके पर वन विभाग और मेडिकल टीम पहुंची। तेंदुए की जांच और आगे की कार्रवाई की तैयारी की गई। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई।डीएफओ निधि चौहान ने तेंदुआ पकड़े जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि आगे की कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों से अनुमति मांगी गई है। निर्देश मिलने के बाद नियमानुसार कदम उठाए जाएंगे।

भदोही में पुलिस ने महिलाओं को अधिकारों की जानकारी दी

मिशन शक्ति अभियान के तहत सुरक्षा उपाय, सरकारी योजनाएं और हेल्पलाइन नंबर बताए

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। भदोही जिले में मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 के तहत पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। अभियान जिले के बाजारों, स्कूल–कॉलेजों के आसपास, कोचिंग और लाइब्रेरी संस्थानों तथा सार्वजनिक जगहों पर चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल की निगरानी में सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों, महिला बीट अधिकारियों और चौकियों ने अभियान चलाया। टीमों ने बालिकाओं और महिलाओं से संवाद कर उन्हें छेड़छाड़, फब्तियां कसने, उत्पीड़न और साइबर अपराध जैसी समस्याओं से निपटने के तरीके बताए। इस दौरान उन्हें सरकार की महिला सशक्तीकरण योजनाओं, पॉक्सो एक्ट, महिला अधिकारों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। आपात स्थिति में मदद के लिए 1090 (वीमेन पावर लाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) और 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) पर संपर्क करने का तरीका भी बताया गया। जागरूकता पर्चे बांटे गए।

कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने 'जनसंवाद' में सुनीं सैकड़ों फरियादें, अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । अपना दल (एस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार में प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता मामले विभाग के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने सरदार पटेल चौराहा (पटेल चौक), भरूहना



स्थित सांसद जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित श्जनसंवादश कार्यक्रम में जनपदवासियों की समस्याएं सुनीं। जनसंवाद में जनपद के कोने–कोने से आए सैकड़ों फरियादियों, अपना दल (एस) एवं एनडीए घटक दलों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बिजली, पेंशन, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, राजस्व एवं पुलिस से संबंधित समस्याएं रखीं। मंत्री ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर तत्काल एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि आम जनमानस की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण हो और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अपना दल (एस) एवं भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने दी।

मड़िहान विधायक ने बिरसा मुंडा को किया नमन, कहा- जल, जंगल, जमीन के रक्षक थे महानायक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। सोमवार को मड़िहान विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम–बनकी (पोस्ट–बलहरा, मंडल–मड़िहान, विकासखंड–पटेहरा कलां में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और आदिवासी समाज के महानायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं मड़िहान के विधायक रमाशंकर सिंह पटेल उपस्थित रहे। उन्होंने सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रमाशंकर सिंह पटेल ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी, उनके संघर्षों और देश की आजादी में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल आदिवासी समाज के ही नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के गौरव हैं। जल, जंगल और जमीन की रक्षा तथा अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उनके द्वारा किया गया उलगुलान (महाविद्रोह) आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। इस समारोह में आदिवासी समाज के सैकड़ों भाइयों–बहनों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

भदोही में पुलिस ने महिलाओं को अधिकारों की जानकारी दी

मिशन शक्ति अभियान के तहत सुरक्षा उपाय, सरकारी योजनाएं और हेल्पलाइन नंबर बताए

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। भदोही में मिशन शक्ति अभियान (फेज 6.0) के तहत पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। अभियान जनपद के बाजारों, स्कूल–कॉलेजों के आसपास और सार्वजनिक जगहों पर चलाया गया।



पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल की निगरानी में सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों, महिला बीट अधिकारियों और चौकियों ने अभियान चलाया। टीमों ने कोचिंग और लाइब्रेरी के आसपास भी महिलाओं और बालिकाओं से बातचीत की।

पुलिसकर्मियों ने छेड़छाड़, फब्तियां कसने, उत्पीड़न और साइबर अपराधों से सतर्क रहने के तरीके बताए। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि वे बिना डर या संकोच के अपनी बात साझा कर सकती हैं।

अभियान में उत्तर प्रदेश सरकार की महिला सशक्तीकरण योजनाओं, पॉक्सो एक्ट, महिला अधिकारों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। आपात स्थिति में मदद के लिए 1090 (वीमेन पावर लाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) और 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) पर संपर्क करने का तरीका भी बताया गया। पुलिस ने जागरूकता पर्चे बांटे।

बोर्ड परीक्षा : 2200 कक्ष निरीक्षकों की लगेगी ड्यूटी

जनवरी तक फाइनल होगी कक्ष निरीक्षकों की तस्वीर, तैयारी में विभाग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। जिले में आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी धीरे–धीरे तेज हो रही है। केंद्र निर्धारण, छात्र संख्या की स्थिति करीब–करीब साफ हो चुकी है। अब केंद्राध्यक्ष, कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी को लेकर कवायद शुरू की गई है।



परीक्षा को नकलविहीन और शुचितापूर्ण कराने के लिए शिक्षकों का डाटा अपलोड किया जा रहा है। इसके लिए 15 नवंबर तक अंतिम तिथि तय की गई है। दो हजार से 2200 कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी परीक्षा केंद्रों पर लगाई जाएगी। बोर्ड परीक्षा पांच फरवरी से शुरू होगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जिले में 81 केंद्रों की सूची जारी किया। 112 आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद कमेटी की तरफ से 90 केंद्र बनाने की सहमति दी गई है। जिसको परिषद की वेबसाइट पर अपलोड किया जा चुका है।

दूसरी ओर परीक्षा में कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाने को लेकर कवायद भी तेज हो गई है। माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय ने जिले के सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को पत्र भेजा है। जिसमें कहा गया है कि प्रधानाचार्य अपने विद्यालय के सहायक अध्यापक, प्रवक्ता और प्रधानाध्यापकों का विवरण माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर 15 नवंबर तक अनिवार्य रूप से अपलोड करें।

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में छात्र संख्या करीब 53 हजार है। मानक के हिसाब से दो हजार से 2200 शिक्षकों को कक्ष निरीक्षक बनाया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक और बाह्य केंद्र व्यवस्थापक की तैनाती भी इसी डाटा से की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि दागी या विवादित शिक्षकों का डाटा अपलोड न किया जाए और केवल नियमित शिक्षकों का ही विवरण दिया जाए। समय से डाटा अपलोड होने से केंद्र निर्धारण और ड्यूटी आवंटन में आसानी होगी। उन्होंने अनुमान जताया कि दो हजार से 2200 शिक्षकों को कक्ष निरीक्षक बनाया जाएगा। 15 जनवरी तक कक्ष निरीक्षकों की सूची को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। 40 परीक्षार्थियों पर दो कक्ष निरीक्षक और 60 परीक्षार्थियों तक तीन कक्ष निरीक्षक तैनात किए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने जनपद के नगर पालिकाओं/पंचायत में कराए जा रहे कार्यों की बैठक कर की समीक्षा

शाहिद वारसी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नगर पालिकाओं और पंचायतों में कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में नगर पालिकाओं के अध्यक्षों ने अपनी–अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

जिलाधिकारी ने जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनावार सभी पाइप लाइनें शीघ्र पूर्ण करें और पाइप बिछाने के बाद खोदी गई सड़कों की मरम्मत भी पूर्व की भांति कराएं। शहर में सही तरीके से वाटर सप्लाई न देने, सीवर कनेक्शन अधूरा रखने और सड़कों का पैचवर्क न करने पर अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय अरविन्द कुमार चौधरी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश अपर जिलाधिकारी विध्रा को दिया।



उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंताओं को एसआर, रोड नवीनीकरण और विशेष मरम्मतीकरण के कार्यों की विगत वर्ष और वर्तमान वर्ष की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बदहाल सड़कों को दुरुस्त करने और काम न करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी कर ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई के भी निर्देश दिए।

नगर पालिका अध्यक्षों की मांग पर हीरो एजेंसी से नगर पालिका चुनार तक, मीरजापुर–विंध्याचल मार्ग और तहसील चौराहा से पानदरीवा तक की सड़कों के मरम्मतीकरण के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुंदर केशरी, अपर जिलाधिकारी विध्रा विनोद कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी विजेता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर मुस्तैद दिखे नपाध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। लोक आस्था एवं सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा के अंतिम अनुष्ठान उषा अर्घ्य के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नारघाट से फतहा घाट तक पहुंचकर नगर पालिका परिषद द्वारा की गई व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।



इस दौरान उन्होंने घाटों पर साफ–सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा एवं अन्य जनसुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। साथ ही व्रती माताओं–बहनों के बीच पहुंचकर उनसे व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि छठ व्रत करने वाली माताओं–बहनों एवं श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने कहा कि छठ महापर्व हमारी आस्था, संस्कृति और लोक परंपराओं का प्रतीक है। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना नगर पालिका परिषद की सर्वोच्च जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर भाजपा नगर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष नितिन विश्वकर्मा, नामित सभासद श्याम सिंह, नागेश्वर अग्रहरि, प्रिंस केशरी सहित अन्य गणमान्य लोग साथ रहे।

प्रिन्स बिंद हत्याकांड को लेकर ऋतु केशरी ने जताया गहरा शोक, पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का दिया भरोसा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। छानबे विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सेमरी निवासी केशव बिंद के सुपुत्र प्रिन्स बिंद के अपहरण, फिरौती की मांग और फिरौती की रकम न मिलने पर निर्मम हत्या की हृदयविदारक घटना से क्षेत्र में शोक एवं आक्रोश का माहौल है। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष ऋतु केशरी पीड़ित परिवार के आवास पर पहुंचीं और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने दुःख की इस घड़ी में परिवार को ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान ऋतु केशरी ने संबंधित थाना प्रभारी (एसएचओ) से वार्ता कर घटना में शामिल आरोपियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस जघन्य अपराध में संलिप्त किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाना चाहिए और सभी आरोपियों को कानून के कठघरे में लाकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाना चाहिए। ईश्वर दिवंगत प्रिन्स बिंद की आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें।



सेवा दिवस के रूप में मनेगा मानवाधिकार दिवस, गरीबों को मिलेगा कंबल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । अंतरराष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण इकाई इस बार 10 दिसंबर को विश्व मानवाधिकार दिवस संरक्षण सेवा दिवस के रूप में मनाएगी। इस दौरान 250 गरीबों को कंबल, भोजन और पानी वितरित किया जाएगा।इकाई की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को गणेशगंज में रमेश सोनी के आवास पर हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयप्रकाश सेठ ने की और संचालन जिला प्रभारी सुजीत कुमार वर्मा ने किया। बैठक में 10 दिसंबर के कार्यक्रम और 19 नवंबर को होने वाले प्रदर्शन पर चर्चा हुई।निर्णय लिया गया कि 19 नवंबर को संगठन जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेगा। संगठन का आरोप है कि सीएमओ कार्यालय के भ्रष्टाचार के कारण जिले में अवैध पैथोलॉजी, झोलाछाप डॉक्टरों का आतंक है और सरकारी डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस कर मरीजों का शोषण कर रहे हैं। ट्रॉमा सेंटर की अव्यवस्था का भी मुद्दा उठाया जाएगा।



बैठक में समग्र मानवाधिकार एसोसिएशन के पूर्वांचल प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार चौरसिया ने समर्थकों के साथ संरक्षण की सदस्यता ली। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे ने उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया। साथ ही संतोष कुमार मिश्रा को जिला उपाध्यक्ष भदोही, इलियास मंसूरी, कृपा शंकर सिंह, राम अवध सिंह को जिला सचिव मिर्जापुर, रविंद्र कुमार शुक्ला को ब्लॉक अध्यक्ष सीखड़, प्रभात द्विवेदी को नगर सचिव मिर्जापुर और चंद्रजीत सेठ को ब्लॉक उपाध्यक्ष नारायणपुर नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे ने कहा, संरक्षण संघर्ष के साथ सेवा को ही असली मानवाधिकार मानती है। जिलाध्यक्ष जयप्रकाश सेठ ने कहा, अवैध पैथोलॉजी और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में रविंद्र कुमार श्रीवास्तव, महेंद्र नाथ सोनकर, रेखा द्विवेदी, असगर अली, राजन जायसवाल, प्रदीप सिंह, शिव कुमार कसेरा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाईदूज कार्यक्रम सफल होने पर समिति ने किया सहभोज, नपाध्यक्ष ने जताया आभार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। विंध्य गंगे श्री राम सेवा समिति ने भाईदूज कार्यक्रम की सफलता पर शुक्रवार को बिनानी धर्मशाला में सहभोज व बैठक की। अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने कहा, गुड़हट्टी चौराहे पर 10 वर्षों से हो रहे आयोजनों की सफलता का श्रेय सभी सदस्यों के सहयोग को जाता है। आगे भी एकजुटता से और बेहतर कार्यक्रम होंगे।बैठक में भोलेश्वर महादेव मंदिर के सामने हो रहे निर्माण को बेहतर ढंग से विकसित करने पर भी चर्चा हुई। सदस्यों ने सहयोग का भरोसा दिया। इस दौरान भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष डॉली अग्रहरि, सभासद गोवर्धन यादव, अलंकार जायसवाल, महासचिव अभिषेक अग्रहरि, संजय जोशी समेत कई सदस्य मौजूद रहे। संचालन गणेश सेठ ने किया।

वीरांगना ऊदा देवी पासी की सपा ने मनाई पुण्यतिथि

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर सोमवार को कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव की अध्यक्षता में 1857 की महान वीरांगना ऊदा देवी पासी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियोंऔर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके साहस, शौर्य और बलिदान को याद किया गया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

गोमती घाटों पर उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ महापर्व का समापन

लखनऊ, संवाददाता। आस्था के महापर्व छठ का आज लक्ष्मण मेला मैदान स्थित गोमती घाट पर उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ ही समापन हो गया। इस खास मौके पर घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। पर्व के आखिरी दिन सूरज भगवान को अर्घ्य देने के लिए लोग रात 3 बजे से ही घाट पर पहुंचना शुरू हो गए थे। पिछले 36 घंटों से बिना पानी पिए कठिन व्रत रख रही महिलाओं ने आज जैसे ही सुबह उगते सूरज को देखा, विधि–विधान से पूजा की, अर्घ्य दिया और इसी के साथ अपना व्रत खोला। एक तरफ जहां छठ के पारंपरिक लोकगीतों की मीठी आवाज सुनाई दे रही थी, वहीं दूसरी तरफ चारों ओर किसी बड़े उत्सव जैसा माहौल बना हुआ था। लखनऊ की रहने वाली माधुरी जी ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह त्योहार उनके लिए बहुत महत्व रखता है। वह हर साल इसी सच्ची श्रद्धा और भाव से यह पर्व मनाती हैं और पूरे साल इसका बेसब्री से इंतजार करती हैं। बलिया के रहने वाले अर्जुन गुप्ता ने बताया कि इस बार का उनका अनुभव सबसे अच्छा रहा है। उन्होंने कहा कि छठ पूजा में महिलाओं की मुख्य भूमिका तो रहती ही है, लेकिन घर के सभी सदस्यों की बराबर भागीदारी होती है। पुरुष भी महिलाओं का पूरा साथ निभाते हैं। अर्जुन ने खुद भी 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत रखा। आलमबाग से आए दीपक और मेघला मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि वे बचपन से ही छठ पूजा को बड़ी धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि जैसा भव्य और भक्तिमय अनुभव उन्हें बिहार में मिलता था, बिल्कुल वैसा ही माहौल और अपनापन उन्हें आज लखनऊ के घाट पर भी देखने को मिला है। इस कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि घाट पर केवल वही लोग नहीं आए थे जिनके घर में छठ पूजा होती है, बल्कि बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी मौजूद थे जिन्होंने इस त्योहार की रौनक देखकर इसे अपना मान लिया है। घाट पर मौजूद रत्ना जी ने बताया कि उनके परिवार में छठ पूजा की परंपरा नहीं है, लेकिन जब से उन्होंने पहली बार इस पर्व की भव्यता देखी, तब से वह हर साल छठी मैया का आशीर्वाद लेने जरूर घाट पर आती हैं। इससे पहले संध्या अर्घ्य के अवसर पर भोजपुरी छठ पूजा समिति द्वारा गोमती तट स्थित संझिया घाट पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के.



शर्मा शामिल हुए और सभी के सुख–समृद्धि व अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, पूर्व राज्यमंत्री सुधाकर त्रिपाठी, पार्षद नदीम खघन, विजय सिंह, उदय प्रताप सिंह, हरिनारायण उपाध्याय, लखन द्विवेदी, सुमित त्रिपाठी सहित समिति के अन्य पदाधिकारी, सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

प्रख्यात लेखक बृजेश चंद्र सक्सेना की नई पुस्तक माया का लुलु मॉल के क्रश्वसवर्ड में भव्य विमोचन

लखनऊ, संवाददाता। लुलु मॉल स्थित क्रॉसवर्ड बुक–थॉन के दौरान 15 नवंबर को एक विशेष लेखक मीट एंड ग्रीट और पुस्तक विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त न्यायाधीश और प्रतिष्ठित लेखक बृजेश चंद्र सक्सेना द्वारा लिखित पुस्तक माया का आधिकारिक रूप से लोकार्पण किया गया।इस साहित्यिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुस्तक प्रेमियों और गणमान्य अतिथियों ने हिस्सा लिया। माया के विमोचन से बृजेश चंद्र सक्सेना के साहित्यिक सफर में एक और गौरवशाली अध्याय जुड़ गया है। इससे पहले वे ये जो जीवन है और जीवन यात्रा जैसी प्रशंसित पुस्तकें भी लिख चुके हैं, जो पाठकों के बीच अपने गहरे दार्शनिक और मानवीय दृष्टिकोण के लिए जानी जाती हैं।इस गरिमामयी कार्यक्रम में लुलु ग्रुप (उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर और तेलंगाना) के निदेशक जय कुमार गंगाधरन विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अपने विचार साझा करते हुए लुलु ग्रुप (उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर और तेलंगाना) के निदेशक जयकुमार गंगाधरन ने कहा बृजेश चंद्र सक्सेना जैसे प्रतिष्ठित लेखक की पुस्तक का लुलु मॉल में विमोचन होना हमारे लिए गर्व का विषय है। माया जैसी पुस्तकें हमारे समाज की सांस्कृतिक और बौद्धिक चेतना को समृद्ध करती हैं। हमें बेहद खुशी है कि क्रॉसवर्ड पाठकों और लेखकों के मिलने का एक जीवंत केंद्र बन रहा है।

यूपी में नकली बीज बेचने वालों पर योगी सरकार का चाबुक, पांच लाइसेंस रद्द, 188 विक्रेताओं को नोटिस

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश में रबी फसलों की बुआई को देखते हुए नकली और अधोमानक बीजों की बिक्री रोकने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। प्रदेशभर में चलाए गए औचक निरीक्षण अभियान के दौरान अनियमितताएं मिलने पर पांच बीज विक्रेताओं के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं। इसके अलावा पांच प्रतिष्ठानों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है, जबकि 188 विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। 26 विक्रेताओं को चेतावनी भी दी गई है। किसानों को निर्धारित मूल्य पर गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्धता कराने के उद्देश्य से शासन ने 27 अक्टूबर 2026 को प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को बीज विक्रेताओं की दुकानों और प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे। इन निर्देशों के अनुपालन में प्रदेशभर में सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 2,858 स्थानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान बीजों की गुणवत्ता की जांच के लिए 1,865 नमूने एकत्र किए गए। निरीक्षण के दौरान बीज कारोबार में अनियमितताएं मिलने पर विभाग ने कड़ी कार्रवाई की। पांच बीज विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए, जबकि पांच प्रतिष्ठानों की बीज बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई। इसके साथ ही 188 विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए और 26 विक्रेताओं को चेतावनी दी गई। शासन का उद्देश्य किसानों को रबी फसलों की बुआई के लिए निर्धारित दरों पर उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराना है। नकली और अधोमानक बीजों की बिक्री से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसी को देखते हुए प्रदेशभर में निरीक्षण और प्रवर्तन की कार्रवाई तेज की गई है। शासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि किसानों के हितों की रक्षा और गुणवत्ताहीन बीजों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

असेम्बली इलेक्शनः सीजेपी चुनाव लड़ेगी नहीं, नजर रखेगी पैनी

10 राज्यों में उतारी टीम, यूपी में प्रभारी सबसे ज्यादा

लखनऊ, संवाददाता। यूपी विधानसभा चुनाव 2027 से पहले एक तरफ जहां राजनीतिक दल चुनावी बिसात बिछाने में जुटे हैं, वहीं दूसरी तरफ खुद को राजनीतिक प्रेशर ग्रुप बताने वाली अभिजीत दीपके की कॉकरोच जनता पार्टी ने भी अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। संगठन ने अपने देशव्यापी विस्तार के तहत उत्तर प्रदेश समेत 10 राज्यों और क्षेत्रों में प्रभारियों और समन्वय समितियों की तैनाती की है। सियासी गलियारों में सबसे ज्यादा चर्चा उत्तर प्रदेश को लेकर है, क्योंकि दीपके ने सबसे बड़ी टीम और सर्वाधिक प्रभारी इसी राज्य में उतारे हैं। संगठन के विस्तार के बाद जब इसके चुनावी मैदान में उतरने को लेकर अटकलें तेज हुईं तो पार्टी नेतृत्व ने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है। सीजेपी की ओर से साफ कहा गया है कि वह खुद को एक पारंपरिक राजनीतिक दल के रूप में स्थापित नहीं कर रही है और आगामी विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेगी। संगठन चुनाव लड़ेगा तो नही मगर वॉच गम्भीरता से करेगा।संगठन के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक सुभाश्री दास के अनुसार सीजेपी एक 'पॉलिटिकल प्रेशर ग्रुप' है और आगे भी इसी रूप में काम करती रहेगी।

चंद्रशेखर की तीसरी सूची में सिर्फ पीडीए, एक भी ब्राह्मण–ठाकुर नहीं

लखनऊ, संवाददाता। विधानसभा चुनाव की तैयारियों को तेज करते हुए आजाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने विधानसभा प्रभारियों की तीसरी सूची जारी की है। सूची में 34 सीटों के लिए प्रभारियों की घोषणा की गई है।माना जाता है कि विधानसभा प्रभारियों को ही आगे पार्टी का आधिकारिक प्रत्याशी घोषित कर टिकट दे दिया जाता है। बहुजन समाज पार्टी में पहले विधानसभा प्रभारी घोषित करने और बाद में उन्हें ही चुनाव का टिकट देने की परंपरा रही है। चंद्रशेखर आजाद भी उसी रणनीति पर आगे बढ़ते हुए चुनाव से पहले प्रभारियों की नियुक्ति कर रहे हैं ताकि उन्हें क्षेत्र में तैयारी का पर्याप्त समय मिल सके।तीसरी सूची की खासियत इसका जातीय समीकरण है। जारी सभी 34 नाम पीडीए पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज से हैं। एक भी ब्राह्मण, ठाकुर या जनरल वर्ग का नेता नहीं है। 34 नामों में एससी वर्ग के 17, मुस्लिम वर्ग के 9 और पिछड़ा वर्ग यानी



ओबीसी के 8 नाम हैं।असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के साथ गठबंधन के ऐलान के बाद आजाद समाज पार्टी की यह पहली सूची है। दोनों दलों के बीच यूपी विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन का ऐलान तो हो चुका है, लेकिन अभी तक यह तस्वीर साफ नहीं हो पाई है कि ओवैसी की पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी और चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी कितने सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी।जिन सीटों के लिए नामों का ऐलान किया गया है उनमें पुरकाजी सुरक्षित मुजफ्फरनगर विनय रतन सिंह एससी रामपुर मनिहारान सुरक्षित, सहारनपुर कमल सिंह वालिया एससी कुंदरकी, मुरादाबाद डॉ. शकील अहमद मुस्लिम गाजियाबाद पुष्पेन्द्र जाटव एससी जेवर गौतम बुद्ध नगर उमेश भाटी देवटा ओबीसीशिकारपुर, बुलंदशहर रशीद खान मुस्लिम छर्रा, अलीगढ़ जितेन्द्र सिंह लोधी ओबीसी आगरा साउथ जावेद कुरैशी मुस्लिम आगरा नॉर्थ अर्जुन दिवाकर एससी खेरागढ़, आगरा भूपेन्द्र कुशवाहा ओबीसी कासगंज एड. प्रमोद कुमार एससी अमांपुर, कासगंज हरिओम लोधी ओबीसी नवाबगंज, बरेली डॉ. नाजिया अंसारी मुस्लिम बरेली मो. शरीफ अल्वी मुस्लिम पूरनपुर सुरक्षित, पीलीभीत प्रेम गौतम एससी ददरौल, शाहजहांपुर महेश वर्मा लोधी ओबीसी कस्ता सुरक्षित लखीमपुर खीरी सुषमा राज एससी मोहम्मदी लखीमपुर खीरी एड. शहीम खान मुस्लिममहमूदाबाद, सीतापुर पूजा वर्मा ओबीसी पुरवा, उन्नाव राजू अंबेडकर एससी कन्नौज सुरक्षित सुनील दिवाकर एससी रसूलाबाद सुरक्षित कानपुर देहात बबली गौतम शशिबाला एससी अकबरपुर रनिया, कानपुर देहात धर्मेन्द्र कुमार कमांडो एससी बिल्हौर सुरक्षित कानपुर नगर अल्का गौतम एससी कल्याणपुर, कानपुर नगर विष्णु कुमार सविता ओबीसी माधौगढ़, जालौन श्रीप्रकाश राठौर ओबीसी झांसी नगर संतोष फौजी एससी महरौनी सुरक्षित, ललितपुर एड. हरीश सिंह एससी सोरांव सुरक्षित प्रयागराज शिव बाबू सरोज एससी कप्तानगंज, बस्ती मोहम्मद इफ्तिखार मुस्लिम रामपुर कारखाना, देवरिया मोह. अफरोज खान मुस्लिम दीदारगंज, आजमगढ़ नदीम अख्तर मुस्लिम शाहगंज, जौनपुर प्रो. ज्ञानेन्द्र कुमार एससी और अजगरा सुरक्षित वाराणसी के संदीप कुमार बाबा एससी को प्रभार सौंपा गया है।

दूषित भूजल और उसके नुकसान पर चर्चा

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी में पद्मश्री जलयोद्धा उमा शंकर पांडेय ने कहा हमें पैसे की तरह पानी का बजट भी बनाना होगा। पीने, नहाने, सिंचाई और दूसरे इस्तेमाल के लिए कितना पानी लगना चाहिए, इसके बारे में सोचना चाहिए। अगर ये प्रबंधन नहीं शुरू किए तो परेशानी बढ़ जाएगी। पानी बचाना, उसको दोबारा उपयोग में लाने के उपाय अपनाने हमारी जिम्मेदारी है, न कि सरकार की। हम कचरा दरवाजे पर फेंक देते हैं और पानी न आने पर सरकार को फोन लगा देते हैं। चेन्नई में बिना पानी के 500 लोगों की मौत हुई। आज दिल्ली, आगरा, मुंबई में पीने के लिए पानी नहीं है। पद्मश्री उमाशंकर पांडेय ने सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित नगरीय जल सुरक्षा एवं भूजल प्रबंधन कार्यशाला में यह बात कही। उन्हें जल संरक्षण के लिए 2023 में पद्मश्री पुरस्कार मिल चुका है। वह बांदा का जाखनी गांव के रहने वाले हैं। उनकी पानी बचाने की आदत और मुहिम से बांदा का भूगर्भ जलस्तर 1 मीटर 34 सेंटीमीटर ऊपर हो गया। केंद्र सरकार ने उनके मॉडल पर देशभर में 1050 जल–संग्रहालय स्थापित किए। वह केंद्र सरकार की भूजल संरक्षण समिति के सदस्य हैं। सदस्य के अध्यक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। 2020 में जलशक्ति मंत्रालय ने उन्हें राष्ट्रीय जलयोद्धा पुरस्कार से सम्मानित किया। 2020 में ही संयुक्त राष्ट्र की तरफ से जल डाइजेस्टर पुरस्कार भी मिला। पद्मश्री उमाशंकर पांडेय ने कहा कि पानी को उसी तरह बचाना होगा, जैसे हम अपना धन बचाते हैं। जल ही धन है। हमें जीवन बीमा के साथ जल बीमा के बारे में भी सोचना होगा। जल आंदोलन को जन आंदोलन और जल क्रांति को जन क्रांति बनाना होगा। जल को वरुण देवता और जगन्नाथ के रूप में भी माना गया है। इसलिए पानी के प्रति हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। समुदाय के आधार पर पानी की पाठशालाएं चलानी होंगी और इस्तेमाल किए गए पानी को दोबारा उपयोग में लाने की आदत डालनी होगी। पांडेय ने मीडिया से जल संरक्षण के अभियान को आगे बढ़ाने की अपील की। कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। आप लोग भी पानी बचाने की मुहिम का प्रचार कीजिए। हम सबको मिलकर पानी बचाने के लिए लोगों को जागरूक करना होगा। बर्तन धोने, पोंछा लगाने, सब्जियां और चावल धोने में इस्तेमाल होने वाले पानी को नाली में बहाने के बजाय पेड़ों में डालना चाहिए। छोटी–छोटी आदतों से पानी की बड़ी बचत की जा सकती है। आने वाले समय में पानी का जो बाजार खड़ा हो रहा है, उसे भी सीमित करना होगा। युवाओं को जल संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए और अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। उमाशंकर पांडे ने कहा कि देश में युवाओं और बच्चों की बड़ी आबादी है। उन्हें जल संरक्षण की जिम्मेदारी उठानी होगी। उन्होंने आबादी बढ़ने के साथ पानी और लकड़ी की बढ़ती जरूरत का जिक्र करते हुए कहा कि हर मिनट करीब 20 बच्चे पैदा होते हैं। इस हिसाब से पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। अंतिम संस्कार में लकड़ी की खपत का भी उल्लेख किया। कहा कि एक व्यक्ति की चिता में करीब पांच क्विंटल लकड़ी लगती है और सालभर में देश को इसके लिए करीब ढाई करोड़ टन लकड़ी की जरूरत पड़ती है।

दलितों के सम्मान से लेकर सीटों के बंटवारे तक, अखिलेश के बयान पर छिड़ी सियासी जंग

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन और सीटों के बंटवारे को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर पार्टी सांसद राजीव राय ने समर्थन जताते हुए कहा कि सम्मान तभी बचेगा, जब भाजपा चुनाव हारेगी और इंडिया गठबंधन जीतेगा। वहीं, राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) के नेता मलूक नागर ने अखिलेश के बयान को कांग्रेस के साथ संभावित सीट बंटवारे को लेकर बड़ा संकेत बताया है। सपा सांसद राजीव राय ने दिल्ली में अखिलेश यादव के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने जो बात कही है, वह बिल्कुल सही है। सम्मान इस बात से तय नहीं होता कि कोई पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ती है या कितनी सीटें जीतती है। असली सम्मान तभी बचता है, जब चुनाव के नतीजे सकारात्मक हों। उन्होंने कहा कि भाजपा को हराना और इंडिया गठबंधन को जिताना ही प्राथमिकता होनी चाहिए। अखिलेश यादव के दमदार दलित वाले बयान का समर्थन करते हुए राजीव राय ने उत्तर प्रदेश में दलितों के खिलाफ अपराध का मुद्दा उठाया। उन्होंने एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि दलितों के खिलाफ अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। राजीव राय ने आरोप लगाया कि जो सरकार दलितों के खिलाफ अपराधों पर नियंत्रण नहीं कर पा रही, बल्कि उनके खिलाफ अपराध करवा रही है, उससे मुक्ति पाना दलित समाज की प्राथमिकता है। उन्होंने आगरा में आयोजित सपा की दलित रैली का जिक्र करते हुए कहा कि वहां उमड़े जनसैलाब से यह स्पष्ट है कि दलित समाज को अखिलेश यादव से उम्मीदें हैं।

संक्षिप्त

छठ पूजा से लौट रही महिला का मंगलसूत्र छीनने वाला युवक पकड गया

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी के गुडंबा इलाके में छठ पूजा से लौट रही महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र छीनकर एक युवक फरार हो गया। शिकायत के बाद पुलिस एक्टिव हुई और उसे अगले दिन यानी सोमवार को पकड़ लिया। उसने पुलिस को बताया है कि उसे नशे की लत है, जिसे पूरा करने के लिए मंगलसूत्र झपट्टा मारकर लेकर भाग गया था। बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के लौरिया थाना क्षेत्र के मरहिया गांव के रहने वाले विपिन कुमार सिंह परिवार के साथ छठ पूजा मनाने लखनऊ आए थे। रविवार, 15 नवंबर को वह पत्नी मौसमी भारती के साथ कुकरैल पिकनिक स्पॉट पर पूजा करने गए थे। पूजा के बाद दोनों गुडंबा इलाके के कल्याणपुर पश्चिम स्थित पूर्वांचल नगर में रिश्तेदार के घर लौट रहे थे। लकी मेडिकल स्टोर के सामने वाली गली में एक युवक मौसमी भारती के पास अचानक पहुंचा और लाल मोतियों की माला में लगा सोने का मंगलसूत्र छीनकर भाग गया। विपिन कुमार सिंह ने गुडंबा थाने में लिखित शिकायत दी। जया अपने परिवार के साथ रिश्तेदार के घर आई थीं। उनके पति विपिन आर्मी में हैं और लखनऊ कमांड में तैनात हैं। जया कैंट में रहती हैं। उनके साथ दो बच्चे भी हैं। उन्होंने बताया कि रविवार शाम करीब 7:30 बजे वह पूजा करने के बाद घर लौट रही थीं। इसी दौरान लक्की मेडिकल स्टोर के सामने वाली गली में वारदात हुई। आरोपी पैदल था और अकेला आया था। वारदात के बाद वह मौके से भाग निकला। जया ने तत्काल 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। थाना प्रभारी अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज आरोपी संदीप को हिरासत में ले लिया। संदीप पर इससे पहले भी गुडंबा और इंदिरानगर थाने में केस दर्ज हैं।

मझवार आरक्षण का अधिकार दिलाने की मांग उठाई

लखनऊ, संवाददाता। दारुल सफा स्थित बी ब्लॉक कॉमन हॉल में रविवार को नेशनल एसोसिएशन ऑफ फिशर मैन (राष्ट्रीय निषाद संघ) की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष कैलाश नाथ निषाद ने की। इसमें मछुआरा समाज की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के साथ मझवार आरक्षण का अधिकार दिलाने की मांग उठाई गई। कैलाश नाथ निषाद ने कहा कि मत्स्य पालन को कृषि का दर्जा मिलने के बावजूद परंपरागत मछुआरों को इसका अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने मछुआ कल्याण बोर्ड के गठन, मत्स्य पालन पर 60 प्रतिशत सब्सिडी देने और तालाबों के पट्टे की प्रक्रिया पारदर्शी बनाने की मांग की। बैठक में वक्ताओं ने निषाद, मल्लाह, केवट, बिंद सहित संबंधित जातियों को मझवार आरक्षण का लाभ देने की बात कही। रमेश चंद्र निषाद ने कहा कि मांगों पर समाधान नहीं हुआ तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

रजाई–गद्दे की दुकान में लगी आग, कोई जनहानि नहीं हुई

लखनऊ, संवाददाता। तेलीबाग स्थित रमजान नगर चौराहे के पास सोमवार दोपहर रजाई–गद्दे की दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दुकान के पास खड़ी एक स्कूटी और चारपहिया वाहन को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने से इलाके में अफरा–तफरी मच गई। पुलिस के मुताबिक, सोमवार को डायल 112 के माध्यम से आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो इब्राहिम की रजाई–गद्दे की दुकान में आग लगी हुई थी। आग की लपटों ने पास खड़ी स्कूटी और कार को भी नुकसान पहुंचाया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस और फायर सर्विस की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस के अनुसार, आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है।

लोहिया संस्थान में चिकित्सा शिक्षा और कार्डियक केयर की उपलब्धियों पर हुई चर्चा

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान (डॉ. आरएमएलआईएमएस) के कार्डियोलॉजी विभाग ने अपना 15वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर विभाग की 15 वर्षों की उपलब्धियों, चिकित्सा सेवाओं, शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में किए गए कार्यों को प्रस्तुत किया गया। समारोह का आयोजन संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) सीएम सिंह के संरक्षण में किया गया। इसमें संस्थान के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, फैकल्टी सदस्य, रेजिडेंट डॉक्टर, नर्सिंग अधिकारी, तकनीशियन और अन्य कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इस दौरान कार्डियक केयर के क्षेत्र में विभाग की प्रगति और उन्नत चिकित्सा तकनीकों के उपयोग को भी रेखांकित किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण कार्डियोलॉजी विभाग के एंथम का लोकार्पण रहा। यह एंथम विभाग की 15 वर्षों की यात्रा, टीम भावना और मरीजों की जान बचाने के प्रति समर्पण को दर्शाता है। इस अवसर पर विभाग की उपलब्धियों और भविष्य की चिकित्सा सेवाओं को लेकर प्रतिबद्धता भी व्यक्त की गई।

68500 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने डिप्टी सीएम का आवास घेरा

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी में 68500 शिक्षक भर्ती के आरक्षित वर्ग अभ्यर्थी डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का आवास घेरने पहुंच गए। वहां पर मौजूद पुलिस ने उनको पकड़ना शुरू किया तो वे जमीन पर लेट गए। इस दौरान श्केशव चाचा बाहर आओश नारा भी लगाया। हालांकि, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को उठाकर बस से प्रदर्शन स्थल भेज दिया। प्रदेश में 2018 में बेसिक सहायक अध्यापक भर्ती आई थी। उसमें शामिल हुए अभ्यर्थियों में से करीब 6800 ओबीसी अभ्यर्थी भर्ती के बाद से प्रदर्शन कर रहे हैं। बीते 78 दिन से वे प्रदर्शन स्थल इको गार्डन में प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार यानी आज से पहले भी वे कई बार पिछड़ी जातियों के मंत्रियों के आवास का घेराव कर चुके हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि भर्ती प्रक्रिया और आरक्षण संबंधी विसंगतियों को लेकर उनका प्रदर्शन पिछले 79 दिनों से जारी है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वार्ता कराने और मामले में हस्तक्षेप कर नियुक्ति का रास्ता साफ कराने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के आदेश का अनुपालन कराने की भी मांग उठाई। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि भर्ती में ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को 5 प्रतिशत की छूट का लाभ नहीं दिया गया।

नवागत डीएम गौरव सिंह सोगरवाल ने संभाला कार्यभार, कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का किया निरीक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सिद्धार्थनगर। नवागत जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने सोमवार को कोषागार के डबल लॉक का कार्यभार ग्रहण करते हुए जिले के 46वें डीएम के रूप में कमान संभाल ली। इससे पूर्व मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) डॉ. ज्ञान प्रकाश और वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेंद्र कुमार मौर्य ने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। मूल रूप से राजस्थान के निवासी गौरव सिंह सोगरवाल 2017 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। सिद्धार्थनगर आने से पूर्व वे बलरामपुर व वाराणसी में उपजिलाधिकारी, शामली व गोरखपुर में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, महराजगंज में मुख्य विकास अधिकारी, गोरखपुर में नगर आयुक्त तथा महराजगंज में जिलाधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। चार्ज लेने के बाद डीएम ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों व कार्यालयों का निरीक्षण किया और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करते हुए कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के निर्देशानुसार स्वगणना के द्वितीय चरण के कार्य को सफलतापूर्वक पूरा कराया जाएगा। इसके अलावा 17 नवंबर से शुरू हो रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान में अधिक से अधिक पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़ना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकता वाली विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर समस्त उपजिलाधिकारी, जनपद स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

चिल्हिया पुलिस ने अपहृता को सकुशल बरामद कर वांछित आरोपित को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। चिल्हिया थाने की पुलिस ने अपहरण के एक मामले में कार्रवाई करते हुए सोमवार को अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने इस मामले में नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। एसपी डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एएसपी प्रशांत कुमार प्रसाद व सीओ शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष पवन कुमार मौर्य की टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, थाने में दर्ज बीएनएस की धारा 137(2) व 87 के मुकदमे में वांछित आरोपित अखिलेश सिंह लोधी निवासी बर्डपुर नंबर-14 टोला फसादीपुर, थाना व जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपित का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ पूर्व में सदर थाने में अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुधाकर राय, आरक्षी आलोक यादव और महिला आरक्षी श्वेता शामिल रहीं।

खीरी में सड़क सुरक्षा पखवाड़े का आगाज, जागरूकता का संदेश लेकर निकली बाइक रैलीङ

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट से दिखाई हरी झंडी, 180 बाइकर्स ने हेलमेट पहनकर लिया सड़क सुरक्षा का संकल्प

डॉ0रईस अहमद उस्मानी
प्रातः काल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी, 16 नवंबर। सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को जनपद में सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ हुआ।



कलेक्ट्रेट परिसर से डीएम अंजनी कुमार सिंह ने सड़क जागरूकता रथों और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 16 से 30 नवंबर तक चलने वाले इस पखवाड़े के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सुरक्षित यातायात का संदेश दिया जाएगा। रैली के शुभारंभ अवसर पर एएसपी पश्चिमी अमित कुमार राय, एआरटीओ शांति भूषण पांडेय, बीएसए प्रवीण तिवारी और पीडब्लूयूडी के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार यादव मौजूद रहे। कलेक्ट्रेट से निकली रैली नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इस दौरान सड़क जागरूकता रथों के साथ चल रहे बाइकर्स ने आमजन को यातायात नियमों के पालन और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। यातायात नियमों का पालन और छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर न केवल हम अपनी, बल्कि दूसरों की जिंदगी भी सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से अनिवार्य रूप से हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का प्रयोग करने की अपील की। साथ ही तेज गति से वाहन चलाने, स्टंट करने और यातायात संकेतों की अनदेखी से बचने की सलाह दी। पखवाड़े के संयोजक/एआरटीओ शांति भूषण पांडेय ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का गंभीरता से पालन कर दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकती है। यह अभियान महज 15 दिनों का आयोजन नहीं, बल्कि सुरक्षित यातायात की संस्कृति विकसित करने का मिशन है, जिसे निरंतर आगे बढ़ाने की जरूरत है। जागरूकता बाइक रैली में विभिन्न स्टेकहोल्डर विभागों एवं संगठनों के करीब 180 बाइकर्स ने हेलमेट पहनकर मोटरसाइकिल, स्कूटर और स्कूटी के साथ प्रतिभाग किया। सड़क सुरक्षा रथों के पीछे चल रहे बाइकर्स ने अनुशासित यातायात और सुरक्षित वाहन संचालन का संदेश दिया। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

जनगणना के द्वितीय चरण की तैयारियों पर डीएम ने की बैठक, 30 नवंबर तक शत-प्रतिशत स्वगणना के दिए निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सिद्धार्थनगर। भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जनसंख्या गणना के व्यापक प्रचार-प्रसार और स्वगणना प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूरा करने की रणनीति तय की गई। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि जनगणना के द्वितीय चरण के अंतर्गत 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक स्वगणना की प्रक्रिया चलेगी, जबकि 01 दिसंबर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक घर-घर जाकर जनसंख्या गणना की जाएगी। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ समस्त कार्मिकों की स्वगणना शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराएं। इसके साथ ही नगर पालिका और नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को नगरीय क्षेत्रों में 30 नवंबर तक स्वगणना का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कराने का लक्ष्य दिया गया।

डीएम ने जनगणना कार्य की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को सभी ग्राम पंचायतों में व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिंग्स लगवाने तथा सभी सरकारी व अन्य वाहनों पर स्वगणना से संबंधित स्टीकर चस्पा कराने को कहा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी अधिकारी व कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व संबंधित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

पचपेड़वा नगर में छठ घाट समेत कई विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं शिलान्यास

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। पचपेड़वा में छठ पर्व पर छठ घाट समेत कई विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा ने आयोजित किया। कार्यक्रम में शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी के पीठाधीश्वर योगी मिथिलेश नाथ जी महाराज मौजूद रहे। गैसड़ी के पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू, बलरामपुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू और पचपेड़वा ब्लॉक प्रमुख मनोज तिवारी भी शामिल हुए। इसके अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता विनय प्रकाश त्रिपाठी, राजेंद्र प्रसाद ओझा, नगर पंचायत गैसड़ी के अध्यक्ष प्रिंस वर्मा और राम कृपाल शुक्ला समेत कई लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और छठ पर्व मनाने वाले श्रद्धालुओं ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में छठ घाट के विकास पर जोर दिया गया। आयोजकों के मुताबिक, इन कामों से नगर की बुनियादी सुविधाएं बेहतर होंगी और छठ पर्व पर व्रती महिलाओं व श्रद्धालुओं को सुविधाएं मिलेंगी।



भदोखर में लगी मिशन शक्ति चौपाल, महिलाओं को बताए सुरक्षा के गुर

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सिद्धार्थनगर। महिला सुरक्षा व स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत सोमवार को इटवा पुलिस ने क्षेत्र के भदोखर गांव में चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया। इस दौरान उन्हें महिला अपराधों के प्रति सचेत करते हुए साइबर ठगी से बचने के तरीके बताए गए। एसपी डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर एएसपी प्रशांत कुमार प्रसाद व सीओ इटवा पवीन प्रकाश के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दूबे के नेतृत्व वाली मिशन शक्ति टीम गांव पहुंची। पुलिसकर्मियों ने ग्रामीण महिलाओं और बेटियों से संवाद करते हुए उन्हें किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या छेड़खानी के खिलाफ निडर होकर आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए अनजान कॉल, लिंक और ओटीपी किसी से भी साझा न करने की सलाह दी गई। अभियान के दौरान टीम ने आपात स्थिति में तत्काल मदद पाने के लिए शासन द्वारा जारी प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें डायल 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1090 (वूमेन पावर लाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1930 (साइबर अपराध हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 108 (एंबुलेंस सेवा) तथा 102 (स्वास्थ्य सेवा) शामिल हैं। इस अवसर पर उपनिरीक्षक सोनदेव यादव, उपनिरीक्षक हरिओम, मुख्य आरक्षी राकेश पटेल, आरक्षी शिवांग और महिला आरक्षी रविता यादव मौजूद रहीं।

पचपेड़वा ब्लॉक के बीडीओ मोहित दूबे पर भ्रष्टाचार का आरोप', शीर्षक से छपी खबर का प्रातःकाल एक्सप्रेस समाचार पत्र ने किया खंडन

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

पचपेड़वा(बलरामपुर)- जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, विशुनपुर विश्राम में विभिन्न सामग्री एवं उपकरणों की खरीद में कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में प्रकाशित समाचार के संदर्भ में विद्यालय के वर्तमान प्रधानाचार्य मोहित दुबे ने जिलाधिकारी को अपना पक्ष अवगत कराया है। इसके साथ ही प्रातःकाल एक्सप्रेस में छपी खबर में अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने बताया कि यह प्रधानाचार्य पल्लवी सचान के कार्यकाल का मामला है। 'बीडीओ मोहित दूबे पर भ्रष्टाचार का आरोप,जिलाधिकारी ने दिए जाँच के आदेश', प्रातःकाल एक्सप्रेस समाचार पत्र, इस खबर का खंडन करता है।

प्रधानाचार्य ने बताया कि समाचार में जिस कथित जांच रिपोर्ट का उल्लेख किया गया है, उसकी जानकारी उन्हें भी समाचार पत्र में प्रकाशित खबर के माध्यम से ही हुई। उक्त जांच रिपोर्ट न तो उन्हें उपलब्ध कराई गई थी और न ही समाचार प्रकाशित करने से पूर्व इस संबंध में उनका पक्ष लिया गया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विद्यालय में सामग्री एवं उपकरणों की खरीद जेम पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की गई है।

प्रधानाचार्य के अनुसार, विद्यालय हेतु क्रय की जाने वाली सामग्री एवं उपकरणों की गुणवत्ता का कलेक्ट्रेट में समिति द्वारा विधिवत परीक्षण भी किया गया था, जिसके उपरांत नियमानुसार खरीद की प्रक्रिया संपन्न की गई।

प्रधानाचार्य द्वारा प्रकरण जिलाधिकारी के संज्ञान में लाए जाने के क्रम में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने समस्त तथ्यों की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है। समिति के अध्यक्ष अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) शिव नारायण सिंह होंगे। वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा तथा जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी समिति के सदस्य नामित किए गए है। समिति द्वारा जेम पोर्टल पर अपनाई गई खरीद प्रक्रिया, निविदा एवं स्वीकृति संबंधी अभिलेखों, सामग्री की गुणवत्ता, आपूर्ति तथा भुगतान सहित सभी संबंधित तथ्यों का परीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

जिला प्रशासन का स्पष्ट मत है कि शासकीय धनराशि के व्यय में पारदर्शिता एवं वित्तीय नियमों का अनुपालन सर्वोपरि है। प्रकरण में किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पूर्व सभी संबंधित पक्षों एवं अभिलेखों का परीक्षण किया जाएगा तथा जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस



मेजा प्रयागराज मेजा क्षेत्र गोसौरा कला दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में बाल दिवस के अवसर पर हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर बच्चों की उमंग, उत्साह और खुशियों से सराबोर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर किया गया। बच्चों के मनोरंजन एवं उत्साहवर्धन के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें क्रिकेट टूर्नामेंट के साथ-साथ इंडोर गेम्स के अंतर्गत म्यूजिकल चेयर और बैलून गेम विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यार्थियों ने सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी खेल भावना एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों के लिए विशेष जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर विद्यालय की मैनेजर डॉ. स्वतंत्र मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए बाल दिवस के महत्व तथा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन, व्यक्तित्व और बच्चों के प्रति उनके विशेष स्नेह के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी समझाया कि पंडित नेहरू बच्चों को देश का भविष्य और राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति मानते थे। उनके प्रेरणादायक विचारों से बच्चों को शिक्षा, अनुशासन, आत्मविश्वास और अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा मिली। मैनेजर मैम ने सभी बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रोत्साहित किया कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य श्री सृजन मिश्रा, अकादमिक को-ऑर्डिनेटर श्री अंकुर सिंह एवं श्री हिमांशु का विशेष योगदान रहा। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति एवं सक्रिय सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंत में विद्यालय परिवार ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह आयोजन बच्चों के लिए मनोरंजन, खेल, प्रेरणा और यादगार पलों से भरा रहा।

विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कल दिनांक 17 नवंबर 2026 को आलेख्य निर्वाचक नामावली का प्रकाशन प्रस्तावित है।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व /उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि दिनांक 18 नवंबर 2026 अथवा उसके अगले दिन अपने आवंटित मतदान स्थल क्षेत्रांतर्गत ग्राम सभा/वार्ड कमेटी की बैठक में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के माध्यम से आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाया जाना सुनिश्चित करें। ग्राम सभा/वार्ड कमेटी की बैठक में संबंधित बूथ लेवल अधिकारी द्वारा अपने आवंटित मतदान स्थल क्षेत्र की आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाया जाएगा, जिससे नामावली में किसी प्रकार की कमी अथवा त्रुटि सामने आने पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके। इस संबंध में निर्देशित किया गया है कि आलेख्य निर्वाचक नामावली पढ़े जाने संबंधी कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रकाशित नामावली में यदि कोई कमी प्रदर्शित हो रही है, तो उस कमी को दूर करने हेतु आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई इसी अवधि में की जा सके। सभी ग्राम सभाओं एवं वार्ड कमेटियों की बैठकों में आलेख्य निर्वाचक नामावली को पढ़कर सुनाया जाएगा तथा नामों का सत्यापन किया जाएगा। यह कार्य मिशन मोड में संपादित किया जाएगा, जिससे संबंधित ग्राम सभा/वार्ड के सभी निर्वाचक आच्छादित हो जाएं तथा यह सुनिश्चित किया जा सके कि आलेख्य निर्वाचक नामावली को सुने जाने से कोई निर्वाचक न छूटे। ग्राम सभा/वार्ड की बैठकों के लिए निर्धारित तिथियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने के निर्देश दिए गए है। साथ ही संबंधित क्षेत्र के पार्षद, ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य, बूथ लेवल एजेंट एवं स्थानीय प्रतिनिधियों को उक्त कार्रवाई के संबंध में अवगत कराते हुए उनकी सहभागिता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त ग्राम सभा एवं वार्ड कमेटी की बैठकों की कार्यवृत्त तैयार करते हुए उसे भविष्य के लिए अनुरक्षित रखा जाएगा, जिससे पर्यवेक्षणीय अधिकारियों द्वारा मांगे जाने पर उपलब्ध कराया जा सके। समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि उपरोक्त समस्त कार्रवाई अपने-अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से संपादित कराते हुए संबंधित सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं बूथ लेवल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश निर्गत करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा निर्धारित समयावधि में अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले हर युवा का बने वोटर कार्ड, छूटे नामों को सूची में जुड़वाने की डीएम ने की अपील

वाईडी कॉलेज में विद्यार्थियों से रूबरू हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह, फॉर्म-6 के जरिए मतदाता बनने की प्रक्रिया को बताया आसानङ

डॉ0रईस अहमद उस्मानी
प्रातः काल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी, 16 नवंबर। लोकतंत्र में हर मत की अपनी अहमियत है। ऐसे में कोई भी पात्र युवा मतदाता बनने से वंचित न रहे। 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना चाहिए। इसके लिए युवा खुद आगे आएं और अपने साथियों को भी मतदाता बनने के लिए प्रेरित करें। सोमवार को युवराज दत्त सनतकोत्तर महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने यह अपील की। डीएम ने कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना प्रत्येक पात्र नागरिक का महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक अधिकार है। युवाओं को चाहिए कि वे 18 वर्ष की आयु पूरी होते ही मतदाता पंजीकरण कराएं और अपने मताधिकार के प्रति जागरूक बनें। उन्होंने बताया कि नए मतदाता के रूप में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन की सुविधा से यह प्रक्रिया पहले की अपेक्षा काफी आसान और सुलभ हो गई है।

खुद बनें वोटर, दूसरों को भी करें प्रेरितङ

डीएम ने विद्यार्थियों से विशेष रूप से अपील की कि वे अपने परिवार, मित्रों और आसपास के ऐसे युवाओं की पहचान करें, जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं, लेकिन अभी तक मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज नहीं है। ऐसे सभी पात्र युवाओं को पंजीकरण के लिए जागरूक करें। अधिक से अधिक पात्र युवाओं का मतदाता सूची में शामिल होना लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

जैनमुनि भाव सागर महाराज का पिच्छिका परिवर्तन समारोह श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा जसवंतनगर। नगर में चातुर्मास कर रहे परम पूज्य श्रमण मुनि 108 भाव सागर महाराज का पिच्छिका परिवर्तन समारोह रविवार को श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल भगवान के अभिषेक एवं शांतिधारा के साथ हुआ। इसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मंगलाचरण प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।समारोह में मुनि श्री की अष्टद्रव्य से विधि-विधानपूर्वक पूजन की गई। श्रद्धालुओं ने जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप एवं फल-अर्घ्य समर्पित कर भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की।कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन एवं आचार्य श्री 108 भद्रबाहु सागर जी महाराज के चित्र का अनावरण करने का सौभाग्य मुनि श्री के गृहस्थ जीवन के माता-पिता अरुण जैन एवं साधना जैन को प्राप्त हुआ। शास्त्र भेंट जिन शासन महिला मंडल द्वारा किया गया, जबकि पाद प्रक्षालन का सौभाग्य नीरज जैन



फड्डू को प्राप्त हुआ।पिच्छिका परिवर्तन के अंतर्गत नगर के जिन शासन महिला मंडल की महिलाओं ने मुनि श्री को नवीन पिच्छिका भेंट की। वहीं क्षुल्लक अनुश्रमण सागर जी को पिच्छिका भेंट करने का सौभाग्य मुनि भक्त आशीष जैन परिवार को प्राप्त हुआ। मुनि ने अपनी पुरानी पिच्छिका गुरु भक्ति से प्रभावित होकर अंकित जैन को प्रदान की। वहीं नियम-संयम के मार्ग पर आगे बढ़ने की भावना से शिवकांत जैन एवं आराध्य जैन को पिच्छिका प्रदान की गई। चोका व्यवस्था में समर्पित सेवा एवं भक्ति से प्रभावित होकर अतुल जैन एवं मोनिका जैन को भी पुरानी पिच्छिका प्रदान की गई।इस अवसर पर मुनि भाव सागर जी महाराज ने जिन शासन महिला मंडल की महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने चातुर्मास के दौरान एक मां की तरह उनका ख्याल रखा है। उन्होंने चातुर्मास कमेटी के 16 सदस्यीय युवा दल की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस समाज में ऐसे समर्पित और सक्रिय युवा होंगे, वह समाज हमेशा तरक्की करेगा।समारोह में मुरैना से आए संगीतकार ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन आशीष जैन ने किया। इस दौरान जसवंतनगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु उपस्थित रहे।

350 ई-रिक्शा पर लगाए गए कलर कोड, तीन रूटों में किया गया संचालन निर्धारित

लाल, पीले और हरे रंग से होगी ई-रिक्शा की पहचान, मिशन शक्ति के तहत महिलाओं एवं छात्राओं को भी किया जागरूक

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से यातायात माह नवंबर-2026 के तहत रविवार को इटावा पुलिस ने ई-रिक्शा कलर कोडिंग अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात राम गोपाल शर्मा की मौजूदगी में नगर क्षेत्र में संचालित ई-रिक्शा को निर्धारित रूटों के अनुसार अलग-अलग रंगों के कोड लगाए गए। अभियान के दौरान ई-रिक्शा चालकों की इच्छानुसार करीब 350 ई-रिक्शा पर कलर कोडिंग की गई।ई-रिक्शा के सुचारु संचालन के लिए तीन रूट निर्धारित किए गए हैं। रूट संख्या-01 के लिए लाल रंग, रूट संख्या-02 के लिए पीला रंग और रूट संख्या-03 के लिए हरा रंग तय किया गया है। लाल रंग के रूट में रेलवे स्टेशन से चौधरी पंप तिराहा, बस स्टैंड, पक्का बाग, रामलीला रोड, गाड़ीपुरा चौराहा, नगर पालिका चौराहा, नौरंगाबाद, साबितगंज, रामगंज और तकिया तिराहा होते हुए रेलवे स्टेशन तक का मार्ग शामिल है।वहीं पीले रंग के रूट में रेलवे स्टेशन से पक्का तालाब, सीओ सिटी चौराहा, पचराहा, टीटी तिराहा, लोहनन चौराहा, साईं धर्म कांटा, सरैया रोड और एसएसपी चौराहा होते हुए रेलवे स्टेशन तक का मार्ग निर्धारित किया गया है। इसके अलावा एसएसपी चौराहे से सेंट मैरी स्कूल और आईटीआई चौराहा होते हुए पीएसी तक ई-रिक्शा संचालित होंगे। हरे रंग के रूट में रेलवे स्टेशन से भरथना चौराहा, बसरेहर रोड, विजय नगर, पचावली रोड और भरथना रोड को शामिल किया गया है।अभियान के दौरान महिला थाना प्रभारी आकांक्षा सिंह ने अपनी टीम के साथ मिशन शक्ति एवं मीट एंड ग्रीट अभियान के तहत महिलाओं और छात्राओं को महिला सुरक्षा, पुलिस की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया।इस मौके पर यातायात प्रभारी संजय सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस ने ई-रिक्शा चालकों से निर्धारित रूटों पर ही वाहन संचालित करने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। पुलिस के अनुसार शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कलर कोडिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

कायनात में जो रुतबा फ़ातिमा ज़हरा को मिला किसी को नहीं मिला - मौलाना जैगम अब्बास

शरीफ मंजिल में अय्यामे फातमिया की तीसरी मजलिस हुई



प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। स्थानीय शरीफ मंज़िल सैदबाड़ा इटावा स्थित इमामबाड़े में राहत अक़ील शक्कन व डा. शब्बर अक़ील की ओर से शहजादी फ़ातिमा ज़हरा की शहादत पर अय्यामे फ़ात्मिया की तीसरी मजलिस का आयोजन किया गया। तीसरी मजलिस में तक़रीर करते हुए मौलाना जैगम अब्बास जैदी उननव ने कहा अल्लाह फरमाता है कि अगर फ़ातिमा ज़हरा को पैदा करना न होता तो कायनात, रिसालत और इमामत न होती। कायनात में अल्लाह ने जो रुतबा फ़ातिमा ज़हरा को दिया किसी और को नहीं दिया। फ़ातिमा ज़हरा अपने चाहने वालों को जहनुम्म की आग से बचाएंगी। फ़ातिमा ज़हरा का नाम लेने से तमाम परेशानियां दूर हो जाती हैं। अल्लाह ने मोहम्मद, अली, हसन और हुसैन के एक एक नाम रखे, लेकिन फ़ातिमा ज़हरा के 9 नाम रखे। नामे फ़ातिमा इंसान को दुनिया और आखरत दोनों जगह फायदा पहुंचाएगा। मौलाना जैगम अब्बास जैदी ने कहा अल्लाह ने रसूल से फरमाया कह दो हमे कुछ नहीं चाहिए सिर्फ रसूल और आले रसूल से मवद्दत करो। मवद्दत सीरत से और मोहब्बत चेहरे से होती है। जिस घर मे फ़ातिमा ज़हरा का नाम लिया जाए वहां गरीबी आ ही नही सकती। मजलिस में तसलीम रज़ा, सलीम रज़ा, जहूर नक़वी ने सोजख्वानी, मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा, तनवीर हसन, अश्शू रिज़वी, सलमान रिज़वी, आबिद रज़ा ने पेशख़्वानी और अख़्तर अब्बास रिज़वी मोंटू ने नोहाख़्वानी की। अंजुमन हैदरी कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी ने बताया कि अय्यामे फातमिया की पांचवीं व अलविदाई मजलिस में मौलाना गुलफ़ाम आबिद फैजाबाद तक़रीर करेंगे।

अंतरराष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में ट्विंकल यादव ने जीता रजत पदक

एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने मेडल पहनाकर किया सम्मानित, उज्ज्वल भविष्य की दी शुभकामनाएं

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। पुलिस मॉडर्न स्कूल की होनहार जूडो खिलाड़ी ट्विंकल यादव ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए जनपद का गौरव बढ़ाया है। लखनऊ में आयोजित 2026 इंटरनेशनल स्पोर्ट्स ओलंपियाड में ट्विंकल ने रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।24 से 27 अक्टूबर तक लखनऊ के सीएमएस आरडीएसओ कैंपस में आयोजित प्रतियोगिता में भारत, नेपाल, भूटान और श्रीलंका के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। सब-जूनियर वर्ग के 57 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में मुकाबला करते हुए ट्विंकल यादव ने श्रीलंका की खिलाड़ी को पराजित कर रजत पदक अपने नाम किया।इस उपलब्धि पर सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने ट्विंकल यादव को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ी के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल की जा सकती है। उन्होंने ट्विंकल को भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन कर जनपद और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। ट्विंकल यादव महात्मा ज्योतिबा फुले स्टेडियम इटावा में कोच दीक्षा अवस्थी के निर्देशन में नियमित रूप से जूडो का अभ्यास करती है। उनकी इस उपलब्धि से खेल प्रेमियों और विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात रामगोपाल शर्मा, पुलिस मॉडर्न स्कूल के प्रधानाचार्य अभिषेक सक्सेना सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस मुठभेड़ में झपट्टामारी का आरोपी कल्लू गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

महिला से लूटा गया पर्स, जेवरात और नकदी बरामद

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में मोबाइल फोन व नकदी की झपट्टामारी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 1 अवैध तमंचा 315 बोर, 1 जिंदा व 2 खोखा कारतूस, 1 एंड्रॉयड फोन (ओपो कंपनी का), 1 मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस (चोरी की, बिना नंबर प्लेट) और 10,020 रुपये नकद बरामद किए गए। लूटी गई नकदी एवं जेवरात शत-प्रतिशत बरामद कर लिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर बबिता सिंह के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी नगर अवनीश सिंह के नेतृत्व में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने यह कार्रवाई की। अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए थाना क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि इटावा-सैफई रोड पर कुनैरा के पास ऑटो सवार महिला से पर्स, जेवरात, मोबाइल फोन एवं नकदी की झपट्टामारी करने वाला अभियुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से विचपुरी खेड़ा नहर पुल से लोकासाही नहर पुल की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की।

इसी दौरान सामने से एक मोटरसाइकिल आती दिखाई दी, जिसे पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल सवार ने भागने का प्रयास किया, जिससे मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। खुद को घिरता देख अभियुक्त ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी। उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर उपचार हेतु



अस्पताल भिजवाया गया। पकड़े गए अभियुक्त की तलाशी में 1 अवैध तमंचा 31 बोर, 1 जिंदा कारतूस, 2 खोखा कारतूस, 1 एंड्रॉयड फोन और चोरी की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद हुई। कड़ाई से पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसने और उसके साथी सुजीत ने इटावा-सैफई रोड पर कुनैरा के पास ऑटो में बैठी महिला का पर्स झपट लिया था, जिसमें जेवरात, दो मोबाइल फोन और 16,000 रुपये नकद थे। पकड़े जाने के डर से जेवरात व एक मोबाइल फोन गंगा बिहार के पास खाली प्लॉट की झाड़ियों में छिपा दिए थे, जबकि दूसरा मोबाइल व नकदी अपने पास रख ली थी। पुलिस टीम ने लूटी गई नकदी व जेवरात की शत-प्रतिशत बरामदगी कर ली है। कार्रवाई थानाध्यक्ष गौरव कुमार, थाना फ्रेंड्स कॉलोनी मय टीम द्वारा की गई।

त्योहारों के मद्देनजर रेलवे स्टेशन पर चलाया गया सघन चेकिंग अभियान

आरपीएफ और जीआरपी पुलिस ने यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था पर रखी नजर, ट्रेन में चढ़ने-उतरने में की मदद

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। आगामी त्योहारों को देखते हुए रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से आरपीएफ और जीआरपी पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। आरपीएफ के दिनेश कुमार एवं जीआरपी के यदुवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने रेलवे स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म और यात्रियों के आवागमन वाले स्थानों पर चेकिंग की।इस दौरान पुलिसकर्मियों ने यात्रियों की सुरक्षा का जायजा लेने के साथ ही उन्हें सतर्क रहने के लिए जागरूक किया। वहीं ट्रेन में चढ़ने और उतरने के दौरान यात्रियों को आवश्यक मदद भी उपलब्ध कराई गई, जिससे किसी प्रकार की असुविधा न हो।अभियान के दौरान एसआई राम प्रताप सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने त्योहारों के दौरान रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का भरोसा दिलाया।

दीवार तोड़कर घर में घुसे चोर, 70 हजार की छह बकरियां चोरी

प्रातः काल एक्सप्रेस

देवीगंज कौशाम्बी। कड़ा ब्लॉक के गोविंदपुर ताजमल्लाहन गांव में रविवार रात चोरों ने एक घर की दीवार तोड़कर छह बकरियां चोरी कर लीं। चोरी हुई बकरियों की कीमत करीब 60 से 70 हजार रुपये बताई जा रही है। चोर सलीम खान पुत्र जुम्मन खान के घर से चार बकरियां और दो बकरे लेकर फरार हो गए।घटना रात करीब एक बजे की बताई जा रही है। रात एक से डेढ़ बजे के बीच बकरियों के चिल्लाने की आवाज सुनकर परिवार के एक सदस्य की नींद खुल गई। वह आवाज की वजह जानने पहुंचा, लेकिन तब तक चोर बकरियां लेकर फरार हो चुके थे। मौके पर बकरियां न मिलने और दीवार टूटी देखकर घर में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग भी जुट गए। इसके बाद डायल 112 पर सूचना देकर पीआरवी बुलाई गई। पुलिस ने मौके का जायजा लिया। कुछ देर बाद कड़ा धाम थाना पुलिस भी पहुंची और दीवार तोड़ने में इस्तेमाल किया गया सरिया कब्जे में लेकर थाने ले गई। पुलिस ने पीड़ित को थाने में लिखित शिकायत देने को कहा। पीड़ित ने चोरी की घटना के संबंध में कड़ा धाम थाने में लिखित तहरीर दी है। पुलिस मामले छान बीन में जुटी है।

इस्लामिया कालेज में हुआ राष्ट्रीय एकता सम्मेलन का आयोजन

मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के परपोते फिरोज बख्श ने की शिरकत

प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। शहर के इस्लामिया इंटर कॉलेज में जश्न-ए-नेहरू मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय एकता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में शिक्षा, सामाजिक, राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़ी अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों ने शिरकत कर देश की एकता, अखंडता, सांप्रदायिक सौहार्द, आपसी प्रेम और भाईचारे को मजबूत बनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री एवं महान स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के परपोते फिरोज बख्श रहे। उन्होंने अपने संबोधन में हिंदू-मुस्लिम एकता और देश की साझा विरासत पर जोर देते हुए कहा कि जब भी मौलाना अबुल कलाम आज़ाद का नाम लिया जाए, तो पंडित जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, मौलाना बिस्मिल और चंद्रशेखर आज़ाद जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों को भी याद किया जाना चाहिए। इन महान विभूतियों के योगदान को अलग-अलग करके देखना उनके साथ अन्याय होगा, क्योंकि सभी ने देश की आजादी और एकता के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। फिरोज बख्श ने कार्यक्रम के संयोजक जमील कुरैशी की सराहना करते हुए इंसानियत का खूबसूरत पैगाम देने वाला शेर पढ़ा कोई मुश्किल नहीं है इस जहाँ में हिन्दू या मुसलमान होना, बड़ा मुश्किल है इस दौर में इंसान होना। सम्मेलन में पूर्व प्रशासनिक अधिकारी हाजी रिजवान अहमद, वास्पति दुबे, महाधिवक्ता श्री राज बहादुर यादव, कौमी तहफ्फुज कमेटी के संयोजक खादिम अब्बास, पल्लव दुबे, कांग्रेस नेता प्रेरणा जुबैरी, आशुतोष दीक्षित, संजीव दीक्षित, सभासद शफी अहमद बालक, जिला अध्यक्ष व्यापार मंडल आलोक दीक्षित सहित अनेक गणमान्य लोगों ने



अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के आयोजक एवं संयोजक जमील कुरैशी ने कहा कि इस सम्मेलन का मकसद एक है और पैगाम भी एक है मोहब्बत, इंसानियत और भाईचारा। उन्होंने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आज़ाद और पंडित जवाहरलाल नेहरू जैसी महान विभूतियों के विचार आज भी देश को एकता के सूत्र में बांधने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम का संचालन जमील कुरैशी ने किया, जबकि सम्मेलन की अध्यक्षता खादिम अब्बास ने की।

तकब्बुर और घमंड इंसान के अखलाक को खत्म कर देता है: मौलाना कमर हसनैन

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रयागराज। बख्शी बाजार काजी जी की मस्जिद मे ऐयामी फ़ातमिया मजलिस आयोजित की गई जिसको दिल्ली से आये मौलाना कमर हसनैन ने खिताब किया उन्होंने कहा की इस्लाम ने इंसान को विनम्रता, सादगी और अच्छे अखलाक के साथ जिंदगी गुजारने की तालीम देता है। इंसान को कभी भी जमीन पर अकड़कर और घमंड के साथ नहीं चलना चाहिए। अल्लाह तआला ने कुरआन में साफ तौर पर फरमाया है कि इंसान न तो अपनी अकड़ से जमीन को चीर सकता है और न ही अपनी ऊंचाई से पहाड़ों की बुलंदियों तक पहुंच सकता है। ये तमाम बातें अल्लाह के नजदीक सख्त नापसंदीदा है। दिल्ली ईरानी कल्चर से आये मौलाना कमर हसनैन ने बयान के दौरान कहा कि अल्लाह को गुरूर, तकब्बुर, अकड़ और घमंड बिल्कुल पसंद नहीं है। इंसान को अपनी हैसियत और औकात को समझते हुए जिंदगी गुजारनी चाहिए। सूरह लुकमान में भी इसी तरह इंसान को नसीहत दी गई है कि लोगों से अपना चेहरा फेरकर बात न करो और न ही अकड़ के साथ जमीन पर चलो। उन्होंने कहा कि जब किसी इंसान या मोमिन भाई से मुलाकात हो तो चेहरे पर सख्ती और नाराजगी के बजाय मुस्कुराहट होनी चाहिए। किसी से मुस्कुराकर मिलना अच्छे अखलाक की पहचान है। मुस्कुराने में इंसान की जेब से कुछ खर्च नहीं होता, लेकिन इससे सामने वाला आपके अच्छे व्यवहार और अखलाक का कायल जरूर हो जाता है। इसलिए हर इंसान को घमंड से दूर रहकर मोहब्बत, विनम्रता और अच्छे व्यवहार के साथ दूसरों से पेश आना चाहिए।

धुव और शिवम के दम पर एचसीए हरियाणा सेमीफाइनल में

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। रिजवी कॉलेज मैदान पर चल रही 16वीं आबिश एवं शाकिब रिजवी स्मारक ऑल इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतिम क्वार्टर फाइनल मुकाबले में एचसीए हरियाणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अलीगढ़ स्पोर्ट्स एसोसिएशन को आठ विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ हरियाणा की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली। ध्रुव यादव की घातक गेंदबाजी और शिवम सिंह की विस्फोटक बल्लेबाजी जीत की सबसे बड़ी वजह रही।

सोमवार को टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अलीगढ़ की टीम 32.3 ओवर में 120 रन पर सिमट गई। हितेश कुमार ने 37 और उत्कर्ष यादव ने 28 रन बनाए। एचसीए हरियाणा की ओर से ध्रुव यादव और योगेश कुमार ने तीन-तीन विकेट झटके, जबकि जयंत गोयत ने दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एचसीए हरियाणा की टीम ने महज 10.4 ओवर में दो विकेट खोकर 124 रन बना लिए। शिवम सिंह ने 29 गेंदों पर छह चौके और पांच छक्के जड़ते हुए नाबाद 60 रन की तूफानी पारी खेली। अंकित कुमार ने 31 और हिमांशु राणा ने 21 रन बनाए। शुभम लाम्बा 12 रन बनाकर नाबाद रहे।

मैच के बाद निदेशक प्रोफेसर डॉ. अनीस अफजल ने ध्रुव यादव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मंगलवार को दूसरा सेमीफाइनल एचसीए हरियाणा और मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के बीच सुबह 9:30 बजे से खेला जाएगा।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर दिया पत्रकारिता एवं शिक्षा का संदेश

पत्रकारिता की स्वतंत्रता ही लोकतंत्र की मजबूती है : पुनीत श्रीवास्तव

बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ बाहरी दुनिया का ज्ञान देना भी जरूरी : राकेश कुशवाहा

झांसी। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर जनपद के पत्रकार प्रिंट मीडिया पुनीत श्रीवास्तव एवं राकेश कुशवाहा ने पत्रकारिता की स्वतंत्रता, निष्पक्षता और सामाजिक जिम्मेदारियों पर अपने विचार व्यक्त किए।पत्रकार पुनीत श्रीवास्तव ने कहा कि पत्रकारिता केवल समाचार प्रकाशित करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज की आवाज बनने, जनहित के मुद्दों को उठाने और लोकतंत्र की रक्षा करने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाती है। सत्य, निष्पक्षता और निर्भीकता ही पत्रकारिता की वास्तविक पहचान है। एक सशक्त पत्रकार वही है, जो बिना किसी दबाव और पक्षपात के जनहित में सच्चाई को सामने लाने का साहस रखता है। उन्होंने सभी पत्रकारों से स्वतंत्र, निष्पक्ष, जिम्मेदार एवं जनहितकारी पत्रकारिता को मजबूत बनाने का संकल्प लेने की अपील की।



वहीं पत्रकार राकेश कुशवाहा ने समस्त पत्रकार बंधुओं एवं मीडिया जगत के साथियों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी समाज के आईने है। हमारे आचरण, विचार और दिनचर्या से विद्यार्थी भी प्रेरणा लेते हैं। इसलिए बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें बाहरी दुनिया, सामाजिक परिस्थितियों और जीवन की वास्तविकताओं का ज्ञान देना भी बेहद जरूरी है। इससे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे।

उन्होंने कहा कि शिक्षक का पद ऐसा है, जो कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। शिक्षक जीवनभर समाज को दिशा देने और नई पीढ़ी का भविष्य संवारने का कार्य करता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने दायित्वों के प्रति गौरवान्वित महसूस करना चाहिए तथा आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करना चाहिए।अंत में पत्रकार पुनीत श्रीवास्तव एवं राकेश कुशवाहा ने कहा कि मनुष्य यदि दृढ़ इच्छाशक्ति, मेहनत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े तो दुनिया की कोई बाधा उसे लक्ष्य प्राप्त करने से नहीं रोक सकती। मनुष्य के संकल्प के सामने कठिन से कठिन परिस्थितियां भी आसान हो सकती हैं।

एआई के दौर में पत्रकारिता के लिए नैतिक मूल्य और मानवीय संवेदनाएं अधिक जरूरी : प्रो. एम.एम. सिंह

भास्कर जनसंचार एवं पत्रकारिता संस्थान में राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर संगोष्ठी आयोजित, डिजिटल युग में लोकतंत्र और प्रेस की भूमिका एवं चुनौतियों पर हुआ मंथन

झाँसी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के भास्कर जनसंचार एवं पत्रकारिता संस्थान में सोमवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर 'डिजिटल युग में लोकतंत्र और प्रेस : भूमिका, चुनौतियां और उत्तरदायित्व' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि इंजीनियरिंग संकाय के अधिष्ठाता एवं यूजीसी नोडल ऑफिसर प्रो. एम.एम. सिंह ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और आधुनिक तकनीक ने पत्रकारिता को पहले की अपेक्षा अधिक सरल और सुविधाजनक बना दिया है, लेकिन इसके साथ नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं की आवश्यकता भी पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। समाचारों और सूचनाओं के प्रसारण से पहले उनकी विश्वसनीयता, मानवीय प्रभाव और प्रेस कानूनों का ध्यान रखना आवश्यक है।

प्रो. सिंह ने कहा कि एआई और नई तकनीकों का उपयोग पत्रकारिता की गुणवत्ता और कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए किया जाना चाहिए। तकनीक के बढ़ते



प्रभाव के बीच पत्रकारों की नैतिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का महत्व कम नहीं होना चाहिए।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके स्वागत के साथ हुआ। संगोष्ठी का संचालन करते हुए डॉ. राघवेन्द्र दीक्षित ने पत्रकारिता के सामाजिक सरोकारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का मूल धर्म बेजुबानों को आवाज देना और समाज के वंचित वर्गों की समस्याओं को सामने लाना है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में प्रेस की पहचान इसी जनपक्षधर भूमिका के कारण है। बदलते तकनीकी परिवेश में भी पत्रकारिता की विश्वसनीयता और जनसरोकार सर्वोपरि रहने चाहिए।

संस्थान के शिक्षक उमेश शुक्ला ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के महत्व पर चर्चा करते हुए स्वतंत्रता के बाद भारतीय पत्रकारिता में आए बदलावों और प्रेस की स्वतंत्रता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने में भारतीय प्रेस परिषद की भूमिका को समझाया। डॉ. अभिषेक कुमार ने स्वतंत्रता आंदोलन में प्रेस के योगदान और मुद्रण तकनीक के विकास के ऐतिहासिक पहलुओं पर प्रकाश डाला।

डॉ. नितिन भगौरिया ने 'पत्रकार हूं मैं' कविता का पाठ कर पत्रकारों के संघर्ष, चुनौतियों और सामाजिक उत्तरदायित्वों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं, विद्यार्थी धर्मेंद्र ने पत्रकारिता के व्यावसायिक दबावों का उल्लेख करते हुए मीडिया मालिकों, प्रशासन, शासन और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने की चुनौतियों को सामने रखा।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. राघवेन्द्र दीक्षित ने अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी में संस्थान के शिक्षकों के साथ अतीत विजय, अनेशा गर्ग, इला जैन, प्राप्ति श्रृंगीऋषि, साहिल हक़, अंशिका रिछारिया, ईशा कुशवाहा, मनोज, हर्ष नायक, सन्हा, देवचन्द्र, विकास गौतम, वेदांत, रेमंड, वीरेंद्र अहिरवार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

आस्ताना-ए-अपिया हुजूर में अकीदत के साथ मनाया गया हज़रत गुलाम दोस्त मुहम्मद (रह.) का 257वां उर्स

झाँसी। पुलिया नम्बर नौ स्थित आस्ताना-ए-अपिया हुजूर में हज़रत सैय्यद शाह गुलाम दोस्त मुहम्मद रहमतुल्लाह अलैहि का 257वां उर्स पूरी अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया। सूफी अफराज हुसैन सिद्दीकी की ज़ेरे सरपरस्ती में आस्ताने पर कुरआन खानी, बयान और कुल शरीफ की महफिल सजाई गई।

महफिल में अकीदतमंदों ने कुरआन की तिलावत की, फातेहा पढ़ी और नज़राना-ए-अकीदत पेश किया। बाद में लंगर का एहतमाम किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की।

इस मौके पर सूफी अफराज हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि 'हमारे बुजुर्गों ने हमें यही सिखाया है कि औलिया-ए-करम के दर पर झुकना ही असली इंसानियत है। सरकार बांसा की चौखट पर जो एक बार सच्चे दिल से आ जाता है, वो कभी खाली हाथ नहीं लौटता। यहाँ न कोई छोटा है, न कोई बड़ा, यहाँ सब बराबर है। यही सूफियों का पैगाम है कि मोहब्बत, खिदमत और इंसानियत।'

पैगाम यही है कि नफरत को छोड़कर मोहब्बत को अपनाओ, एक-दूसरे की मदद करो और मुल्क में अमन-चैन के लिए दुआ करो।'उन्होंने बताया कि आस्ताना-ए-अपिया हुजूर से अकीदतमंदों का काफिला दरगाह शरीफ बांसा भी गया, जहाँ हज़रत सैय्यद शाह उमर अहमद जीलानी की ज़ेरे निगरानी में जशने चरागाँ व कुल शरीफ की फातेहा में शामिल होकर मुल्क की तरक्की और कौम की खुशहाली के लिए दुआ-ए-खैर की गई। महफिल के अंत में अल्लाह से मुल्क में अमन-चैन की विशेष दुआ की गई। इस दौरान मौलाना रिजवान अशरफी, हाफिज मो जमील खान, हाफिज रिजवान, हाफिज दानिश, कारी अजीज निजामी, मौलाना जाहिद रजा, मौलाना मुहम्मद उमर, मौलाना मो इमरान ने वलयों के एहतराम पर विस्तार से अपनी बात रखी। इस अवसर पर सुल्तान, फरहान, आरिफ खान, एहसान, उस्मान, रशीद, मुनन,इम्तियाज, अब्दुल्लाह, मुमताज मास्टर, अलीम अहमद, शाहरुख, इमरान, रहमान, संजय, अनिल, आशिक, शोएब, सिकंदर, मेहताब, आदिल, जफर, वाहिद सहित अनेक अकीदतमंद मौजूद रहे । संचालन कारी जमील ने किया।

ध्रुव सिंह राजपूत बने सबका दल यूनाइटेड के बबीना विधानसभा प्रभारी

2027 विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी, हर गांव और बूथ तक पार्टी पहुंचाने का लिया संकल्प

झाँसी। सबका दल यूनाइटेड ने संगठन विस्तार एवं आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को गति देते हुए एडवोकेट ध्रुव सिंह राजपूत करगुवां को बबीना विधानसभा क्षेत्र-222 का विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद लोधी द्वारा की गई।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि ध्रुव सिंह राजपूत लंबे समय से समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वह संगठन के कर्मठ एवं जुझारू कार्यकर्ता हैं और पार्टी की विचारधारा 'हक, अधिकार, हिस्सेदारी' को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

ध्रुव सिंह राजपूत वर्तमान में प्रदेश महामंत्री, उज्ज्वल भारत अभियान, प्रदेश मंत्री, राष्ट्रीय लोधी महासभा एवं राष्ट्रीय सचिव, ओबीसी महासभा जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

उनकी नियुक्ति पर पार्टी के जिला एवं प्रदेश पदाधिकारियों सहित बबीना विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और सहयोगियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में बबीना विधानसभा क्षेत्र में संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी तथा वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों को नई गति प्राप्त होगी।

नवनियुक्त विधानसभा प्रभारी एडवोकेट ध्रुव सिंह राजपूत ने राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद लोधी एवं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। उनका लक्ष्य बबीना विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव और प्रत्येक बूथ तक पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को पहुंचाकर संगठन को मजबूत बनाना है।

भाजपा के पन्ना प्रमुखों की भूमिका पर सवाल, संगठन की जमीनी पकड़ हुई बेनकाब

बैठकों और रणनीति बनाने में ही उलझे रहे भाजपाई, बूथों तक नहीं पहुंचा चुनावी जोश; आखिर कहां गायब हो गए पन्ना प्रमुख और कार्यकर्ता?

झाँसी। भारतीय जनता पार्टी का संगठन हमेशा से बूथ स्तर तक मजबूत नेटवर्क और पनन प्रमुखों की व्यवस्था को अपनी सबसे बड़ी ताकत बताता रहा है। पार्टी के नेता अक्सर दावा करते है कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता मतदाता तक पहुंचता है और संगठन का हर पनन प्रमुख अपने जिम्मे की मतदाता सूची के प्रत्येक नाम से संपर्क रखता है। लेकिन हाल ही में संपनन्हुए इलाहाबाद-झाँसी सनतक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी चुनाव में सामने आए नतीजों ने इन दावों की जमीनी हकीकत पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए है। भाजपा प्रत्याशी की करारी हार ने झाँसी सहित पूरे बुंदेलखंड में संगठन की चुनावी तैयारियों और पनन प्रमुखों की सक्रियता पर बहस छेड़ दी है।

चुनाव परिणाम ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर जिस संगठन को दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल होने का गौरव हासिल है, उसके पनन प्रमुख चुनाव के समय कहां थे? क्या पनन प्रमुखों की व्यवस्था केवल बैठकों, संगठनात्मक समीक्षा और कागजी आंकड़ों तक ही सीमित रह गई है? यदि बूथ स्तर पर संगठन इतना मजबूत था तो फिर मतदाताओं के बीच भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में अपेक्षित माहौल क्यों नहीं बन पाया?

चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों की सक्रियता बैठकों, सम्मेलनों, रणनीतिक चर्चाओं और संगठनात्मक कार्यक्रमों तक दिखाई देती रही। बड़े-बड़े दावे किए गए, कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं और जीत का गणित तैयार किया गया। लेकिन चुनाव केवल बैठकें करने, मंच से भाषण देने और जिम्मेदारियां बांटने से नहीं जीते जाते। इसके लिए मतदाता के दरवाजे तक पहुंचना पड़ता है, उसकी समस्याओं को सुनना पड़ता है और उसे मतदान के लिए प्रेरित करना पड़ता है। यही वह मोर्चा था, जहां भाजपा की रणनीति कमजोर दिखाई दी।

सबसे बड़ा सवाल सनतक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं को लेकर है। यह सामान्य विधानसभा चुनाव की तरह केवल पारंपरिक जातीय या स्थानीय समीकरणों पर आधारित चुनाव नहीं था। इसमें सनतक मतदाताओं के बीच व्यक्तिगत संपर्क, पंजीकरण, मतदान प्रक्रिया की जानकारी और लगातार संवाद बेहद महत्वपूर्ण था। ऐसे चुनाव में केवल संगठनात्मक ताकत का प्रदर्शन पर्याप्त नहीं होता, बल्कि मतदाता तक वास्तविक पहुंच बनानी पड़ती है। भाजपा यदि इस चुनाव को भी सामान्य चुनावी बैठकों के भरोसे जीतने की उम्मीद कर रही थी तो परिणाम ने उस सोच को करारा झटका दिया है।

दूसरी ओर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. मानसिंह यादव ने 60,358 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, जबकि भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर को 32,695 मत मिले। दोनों के बीच 27,663 मतों का बड़ा अंतर रहा। यह अंतर केवल हार-जीत का आंकड़ा नहीं, बल्कि भाजपा के चुनावी प्रबंधन और जमीनी रणनीति की समीक्षा करने का संकेत भी है।

अब संगठन के सामने कई सवाल हैं। क्या पनन प्रमुखों को वास्तव में मतदाताओं की जिम्मेदारी दी गई थी या केवल सूची में नाम जोड़कर औपचारिकता पूरी कर दी गई? क्या स्थानीय नेताओं ने कार्यकर्ताओं के साथ नियमित संवाद किया? क्या सनतक मतदाताओं की समस्याओं और अपेक्षाओं को समझने का प्रयास हुआ? क्या चुनावी जिम्मेदारी संभाल रहे पदाधिकारियों ने अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाई? इन सवालों का जवाब केवल समीक्षा बैठकों में नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर तलाशना होगा।भाजपा के लिए यह चुनाव एक चेतावनी की तरह है। संगठन की असली ताकत पोस्टर, बैनर, मंच, भीड़ और बैठकों की संख्या से नहीं, बल्कि मतदान केंद्र तक मतदाता को जोड़ने की क्षमता से तय होती है। पनन प्रमुखों की व्यवस्था तभी सफल मानी जाएगी, जब उसका असर मतदाता के व्यवहार और मतदान के परिणाम में दिखाई दे।आगामी राजनीतिक चुनौतियों को देखते हुए भाजपा को आत्ममंथन करना होगा। केवल चुनाव के समय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंप देना और जीत के दावे करना पर्याप्त नहीं है। संगठन को यह भी देखना होगा कि कौन कार्यकर्ता वास्तव में मैदान में सक्रिय है और कौन केवल बैठकों में उपस्थिति दर्ज कराकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान रहा है।एमएलसी चुनाव का परिणाम भाजपा के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि राजनीति में अब केवल संगठन का दावा नहीं, बल्कि संगठन का काम भी दिखाई देना चाहिए। पनन प्रमुखों की भूमिका पर उठे सवालों का जवाब आंकड़ों और भाषणों से नहीं, बल्कि अगली चुनावी परीक्षा में जमीन पर उतरकर देना होगा। वरना बैठकों में जीत की रणनीति बनती रहेगी और नतीजों में हार का अंतर बढ़ता रहेगा।

रेलवे स्टेशन पर टिकट चेकिंग अभियान, 50 यात्री पकड़े, 45 हजार रुपये जुर्माना वसूला

झाँसी। वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी रेलवे स्टेशन पर रेलवे प्रशासन द्वारा विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना टिकट एवं अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले कुल 50 मामले पकड़े गए, जिनसे जुर्माने के रूप में 45 हजार रुपये की धनराशि वसूल की गई।मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान का नेतृत्व मंडल वाणिज्य प्रबंधक पंकज त्रिपाठी ने किया। टिकट जांच के दौरान यात्रियों के टिकटों की सघनता से जांच की गई और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई।अभियान में मुख्य टिकट निरीक्षक मनोहर लाल मीना, अशोक त्रिपाठी, केपी अनी, नवीन व्यास, संजय दीक्षित एवं पीएन सोनी सहित टिकट चेकिंग स्टाफ ने सक्रिय भूमिका निभाई।रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे सदैव उचित एवं वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें तथा रेलवे के नियमों का पालन करें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना टिकट एवं अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार विशेष चेकिंग अभियान जारी रहेंगे।

महिला व्यापार मंडल ने धूमधाम से मनाया दिवाली मिलन समारोह, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

महिला व्यापारियों ने एक-दूसरे को दी दीपावली की शुभकामनाएं, एकजुटता और संगठन की मजबूती पर दिया जोर

झाँसी। उत्तर प्रदेश उद्योग महानगर महिला व्यापार मंडल की ओर से अध्यक्ष रजनी गुप्ता की अध्यक्षता में होटल सनराइज में दिवाली मिलन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष रजनी गुप्ता, सचिव निधि नगरिया, रजनी सेठ एवं कोषाध्यक्ष रश्मि महेंद्रू ने दीप प्रज्वलित कर किया।समारोह में बड़ी संख्या में महिला व्यापारी, पदाधिकारी एवं संगठन की सदस्याएं उपस्थित रहीं। सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए गले मिलकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर अध्यक्ष रजनी गुप्ता ने कहा कि दिवाली मिलन समारोह का उद्देश्य केवल त्योहार मनाना नहीं, बल्कि सभी महिला व्यापारियों को एक मंच पर लाकर आपसी प्रेम, सहयोग और एकजुटता को मजबूत करना है। महिला व्यापार मंडल महिलाओं के व्यापार, सुरक्षा और सम्मान के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।कार्यक्रम में आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में महिलाओं ने गीत-संगीत के माध्यम से समां बांध दिया। समारोह के अंत में सभी के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम संयोजिका नीना अग्रवाल एवं रजनी सेठ ने सभी अतिथियों और सदस्यों को सुंदर दीपक भेंट किए तथा सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर रश्मि महेंद्रू, अनीता वासुदेव, मधु अग्रवाल, ममता अग्रवाल, मीनू चावला, कुसुम साहू, शुभ्रा अग्रवाल, सीमा तिवारी, आशा अग्रवाल, नेहा झा, रामश्री गुप्ता, पल्लवी चतुर्वेदी, वंदना अग्रवाल, नीना अग्रवाल, मंजू सहगल, अनामिका टंडन सहित मंडल की अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहीं।

बायोटेक्नोलॉजी में करियर के लिए तकनीकी ज्ञान के साथ औद्योगिक अनुभव जरूरी : इंजी. मोहन यादव

झाँसी। बायोटेकनेलॉजी के क्षेत्र में बेहतर करियर के लिए तकनीकी ज्ञान के साथ औद्योगिक अनुभव और व्यावहारिक कौशल विकसित करना जरूरी है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान ही इंटर्नशिप और औद्योगिक प्रशिक्षण के अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। यह बात बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग में सोमवार को आयोजित एलुमनाई टॉक में विभाग के पूर्व छात्र एवं आईपीसीए लैब्स लिमिटेड, सिक्किम के उप महाप्रबंधक (गुणवत्ता) इंजी. मोहन यादव ने कही।वर्ष 2003-2007 बैच के पूर्व छात्र मोहन यादव ने विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा करते हुए फार्मास्युटिकल एवं बायोटेकनेलॉजी उद्योग में करियर की संभावनाओं, गुणवत्ता नियंत्रण और गुणवत्ता आश्वासन की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को विषय की मूलभूत समझ मजबूत करने, नई तकनीकों को सीखने और कौशल विकास पर ध्यान देने की सलाह दी। साथ ही विभाग के विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण, प्रशिक्षण, इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट में सहयोग का आश्वासन दिया।कार्यक्रम का आयोजन पुरातन छात्र प्रकोष्ठ की समन्वयक प्रो. पूनम पुरी, इंजीनियरिंग संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एम.एम. सिंह, आईईटी निदेशक प्रो. डी.के. भट्ट एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के समन्वयक इंजी. शशिकांत वर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। संचालन एलुमनाई समन्वयक डॉ. बृजेंद्र कश्यप ने किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. मुकुल सक्सेना, डॉ. आनंद कुमार पांडेय एवं डॉ. दिनेश द्विवेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के ऑनलाइन संचालन में विद्यार्थी कार्तिकेय कुमार एवं सत्यम तिवारी ने सहयोग किया।

भारत विकास परिषद की शाखा स्तरीय 'भारत को जानो' प्रतियोगिता संपन्न, चार विद्यालयों की टीमों ने लिया भाग

कनिष्ठ वर्ग में अग्रसेन विद्या मंदिर और वरिष्ठ वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर की टीम ने मारी बाजी, प्रांतीय प्रतियोगिता 17 नवंबर को उरई में होगी

झाँसी। भारत विकास परिषद, मुख्य शाखा झाँसी के तत्वावधान में शाखा स्तरीय अखिल भारतीय 'भारत को जानो' प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, दतिया गेट में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष अमित सराया ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय की प्रधानाचार्य कल्पना सिंह उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता कनिष्ठ एवं वरिष्ठ दो वर्गों में आयोजित हुई।



प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में अग्रसेन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, शिवपुरी रोड की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, दतिया गेट की टीम द्वितीय स्थान पर रही। वहीं वरिष्ठ वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, शिवपुरी रोड की टीम ने प्रथम तथा अग्रसेन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

अग्रसेन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की ओर से कनिष्ठ वर्ग में कुणाल प्रजापति एवं शैलेश जाटव तथा वरिष्ठ वर्ग में कौशिकी एवं रौनक पटेल ने प्रतिभाग किया। शाखा अध्यक्ष अमित सराया ने सफल प्रतिभागियों को आगामी प्रांतीय प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 17 नवंबर 2026 को एल्डरिच पब्लिक स्कूल, उरई में प्रांतीय स्तर की अखिल भारतीय 'भारत को जानो' प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसमें विजेता टीमों को प्रतिभाग करना है।

इस अवसर पर अनिल कुमार तिवारी (आईपीपी), वीरेंद्र गुप्ता तथा प्रतियोगिता संयोजक अनूप खनन ने दोनों वर्गों के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम श्रीमती स्मिता सक्सेना, प्रकल्प प्रभारी के संयोजन में सफलतापूर्वक संपनन्हुआ। अंत में शाखा सचिव विनय जैन ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरू

गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा, जयकारों से गूंजा करारी कस्बा



प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। कस्बे के सोनारन टोला मोहल्ला स्थित भरत मिलाप प्रांगण में सोमवार को कलश यात्रा एवं कलश स्थापना के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। गाजे-बाजे और भक्तिमय जयघोष के बीच निकली कलश यात्रा में महिलाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। पूरा कस्बा राधे-राधे और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। कलश यात्रा सोनारन टोला से शुरू होकर अशोक नगर, किंग नगर और इंद्र नगर होते हुए पुनः भरत मिलाप प्रांगण पहुंचकर संपनन हुई। यात्रा में महिलाएं पारंपरिक परिधान में सिर पर कलश धारण कर चल रही थीं। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद विधि-विधान से कलश स्थापना कर कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया।

मुख्य यजमान रामधन वर्मा एवं उनकी पतने लालती वर्मा ने बताया कि पूर्वजों के आशीर्वाद और ईश्वर की कृपा से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ, चारों धाम की पूजा और भंडारे के आयोजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने की अपील की। आचार्य विद्यानंद तिवारी महाराज के मुखारविंद से 16 से 22 नवंबर तक प्रतिदिन शाम चार बजे से रात आठ बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। 23 नवंबर को हवन एवं पूर्णाहुति और 25 नवंबर को विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

जनपद कौशाम्बी में सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ

358 लोगों को दिलाई गई सड़क सुरक्षा की शपथ

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन एवं परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 16 नवम्बर 2026 से 30 नवम्बर 2026 तक आयोजित होने वाले सड़क सुरक्षा पखवाड़े का सोमवार कार्यालय सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), कौशाम्बी के परिसर में शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही लोगों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने तथा स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कुल 358 लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने सड़क सुरक्षा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन 16 नवम्बर से 30 नवम्बर 2026 तक जनपद कौशाम्बी की प्रमुख तहसीलों एवं विकास खंडों में भ्रमण कर आमजन को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेगा। कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता, प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग दयाशंकर, यातायात निरीक्षक प्रमोद कुमार एवं शशिकांत, यातायात विभाग के नौशाद, जनपद के बस, टेंपो एवं टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी नवनीत शुक्ला एवं संजय सिंह तथा जनपद के सम्मानित पत्रकार बंधु सहित परिवहन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



शराबी ने कंपोजिट विद्यालय में घुसकर अध्यापकों को किया गाली गलौज दी जान से मारने की धमकी मुकदमा दर्ज

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। महेवा घाट थाना क्षेत्र के दलेला गंज गांव में शुक्रवार को एक शराबी ने शराब पीकर कंपोजिट विद्यालय में घुसकर शिक्षक एवं शिक्षिकाओं से किया गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दिया दलेला गंज कंपोजिट विद्यालय के अध्यापक शशि प्रकाश सिंह की तहरीर के अनुसार गोलू निषाद पुत्र सत्यदेव निषाद निवासी दलेला गंज ने शराब पीकर विद्यालय में आया और शिक्षकों को गाली गलौज करने लगा शिक्षिकाओं द्वारा मना करने पर उनको भी गाली गलौज किया और विद्यालय में घंटों बच्चों के पठन-पाठन का कार्य एवं सरकारी कार्य बाधित रहा कुछ देर बाद पुनः विद्यालय में आकर अध्यापकों को जान से मारने की धमकी देकर चला गया। थानाध्यक्ष महेवा घाट कुमार संकाराम ने बताया कि प्रार्थी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच की जा रही है जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम के निर्देशन में कर्मचारियों और अधिवक्ताओं को दी गई स्वगणना की ट्रेनिंग

प्रातः काल एक्सप्रेस

कड़ा कौशाम्बी। सिराथू तहसील सभागार में सोमवार को उपजिलाधिकारी प्रवेश श्रीवास्तव के निर्देशन में जनगणना-2027 के तहत स्वगणना अभियान को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें तहसील के कर्मचारियों और अधिवक्ताओं को प्रशिक्षकों ने स्वगणना फॉर्म भरने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्हें ऑनलाइन माध्यम से परिवार और मकान से संबंधित निर्धारित जानकारियां दर्ज करने का तरीका समझाया गया।इस दौरान एसडीएम ने कर्मचारियों और अधिवक्ताओं को जागरूक करते हुए कहा कि सभी लोग सबसे पहले अपना और अपने परिवार का स्वगणना फॉर्म भरें। इसके साथ ही तहसील में आने वाले आम लोगों को भी स्वगणना अभियान के प्रति जागरूक करें, जिससे अधिक से अधिक लोग इसमें भागीदारी निभा सकें।उन्होंने बताया कि 16 से 30 नवंबर तक स्वगणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। नागरिक निर्धारित पोर्टल के माध्यम से घर बैठे अपने परिवार का विवरण स्वयं दर्ज कर सकेंगे। यह राष्ट्रीय जनगणना का महत्वपूर्ण चरण है। इसमें सभी की सहभागिता जरूरी है।

कमालपुर बायपास पर पिकअप-बाइक की भिड़ंत, दंपती घायल; ब्रेकर बनवाने की मांग

देवीगंज कौशाम्बी। कमालपुर बायपास के पास सोमवार को पिकअप और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार रामचंद्र केसरवानी निवासी देवीगंज और उनकी पतने घायल हो गए। रामचंद्र के पैर में गंभीर चोट आई है। जानकारी के अनुसार, रामचंद्र पतने के साथ स्प्लेंडर बाइक से देवीगंज बाजार से सैनी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही पिकअप से उनकी टक्कर हो गई। पिकअप चालक राजीव दीक्षित निवासी लखनऊ मनौरी से खिलौने का भाड़ा छोड़कर वापस लखनऊ जा रहा था। हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी महेश सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को तत्काल सिराथू सीएचसी भिजवाया। पुलिस ने पिकअप चालक को हिरासत में लेकर दुर्घटनाग्रस्त बाइक और पिकअप को कब्जे में ले लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि कमालपुर बायपास पर डिवाइडर और ब्रेकर की व्यवस्था नहीं होने से वाहनों की आवाजाही के दौरान अक्सर हादसे होते हैं। लोगों ने दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए बायपास पर ब्रेकर बनवाने और यातायात सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ, प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। जनपद में 16 से 30 नवंबर तक आयोजित होने वाले सड़क सुरक्षा पखवाड़े का सोमवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में शुभारंभ हुआ। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनय कुमार पाण्डेय ने प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर एआरटीओ प्रशासन एवं प्रवर्तन संतोष कुमार सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन प्रतीक मिश्र, क्षेत्राधिकारी यातायात बृजमोहन राय, यात्रीकर अधिकारी रामसागर, संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) कृष्णचन्द्र सिंह सहित परिवहन विभाग के कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

थाना बडगाँव, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एव वांछित/ वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक बडगांव प्रमोद कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना बडगांव पुलिस द्वारा चेकिंग व दबिश के दौरान 01 वारण्टी अभियुक्त सूरजपाल पुत्र पुननराम निवासी ग्राम बेलडा बुर्जुग थाना बडगांव जिला सहारनपुर वाद संख्या 478/19 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम सम्बन्धित माननीय न्यायालय जे0एम0 देवबन्द सहारनपुर के चालानी थाना बडगांव को ग्राम बेलडा बुर्जुग से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हेतु समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ व्रतियों ने किया चार दिवसीय पर्व का समापन

प्रातः काल एक्सप्रेस



देवीगंज कौशाम्बी। लोक आस्था का महापर्व छठ सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ श्रद्धा और उल्लासपूर्वक संपनन हो गया। कड़ाधाम के कुबरीघाट और कंथुवा गांव स्थित गंगा तट पर भोर से ही व्रती महिलाओं और उनके परिजनों की भीड़ जुटने लगी।सोमवार सुबह करीब चार बजे से ही महिलाएं पूजा सामग्री और फल-फूल से सजे दउरा लेकर गंगा घाट पहुंचने लगीं। सूर्योदय के समय व्रती महिलाओं ने माँ गंगा के पावन जल में खड़े होकर विधि-विधान से भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इसके बाद छठी मैया और गंगा मइया की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। छठ महापर्व में उगते सूर्य को अर्घ्य देने का विशेष महत्व है। चार दिनों तक चलने वाले इस कठिन व्रत का समापन इसी अर्घ्य के साथ होता है। व्रती महिलाएं संतान की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और परिवार के निरोगी जीवन की कामना के लिए 36 घंटे तक निर्जला व्रत रखती है। मान्यता है कि भगवान सूर्य को अर्घ्य देने से सुख, समृद्धि और आरोग्य की प्राप्ति होती है। वहीं छठी मैया से संतान की रक्षा और परिवार की खुशहाली का आशीर्वाद मांगा जाता है। अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण कर पारण किया और इसी के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का विधिवत समापन हो गया।

भरवारी रेलवे क्रॉसिंग पर जाम से जल्द मिलेगी निजात, ठेकेदार ने तेज किया काम

जेसीबी लगाकर रास्ता किया गया क्लियर, काम शुरू होने से कस्बे के लोगों में जगी राहत की उम्मीद

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। भरवारी कस्बे के लोगों को रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले भीषण जाम से जल्द राहत मिलने की उम्मीद जगी है। रेलवे की ओर से टेंडर जारी होने के बाद ठेकेदार ने निर्माण कार्य में तेजी ला दी है। सोमवार को जेसीबी मशीन लगाकर रास्ते को क्लियर कराया गया। काम शुरू होने के बाद स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है।भरवारी रेलवे क्रॉसिंग पर जाम की समस्या लंबे समय से कस्बे के लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। सुबह से शाम तक यहां वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं। ट्रेन के आवागमन के दौरान रेलवे क्रॉसिंग बंद होते ही दोनों तरफ वाहनों का जमावड़ा लग जाता है। क्रॉसिंग खुलने के बाद भी वाहनों की अधिक संख्या के चलते लोगों को काफी देर तक जाम में फंसे रहना पड़ता है। इस जाम का सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों, मरीजों, नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों पर पड़ता है। कई बार मरीजों को लेकर जा रहे वाहन भी जाम में फंस जाते हैं, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अब रेलवे की ओर से टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद ठेकेदार ने काम तेज कर दिया है। हालांकि अंडरपास बनाने का यह काम बीते 3 महीने पहले से शुरू था पर बारिश होने की वजह से यह काम अभी तक रुका हुआ था सोमवार से फिर से निर्माण कर में तेजी लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सोमवार को जेसीबी मशीन से रास्ते को साफ कराया गया और आवागमन के लिए रास्ता क्लियर करने का काम किया गया। लंबे समय से जाम की समस्या से जूझ रहे कस्बे के लोगों को उम्मीद है कि काम पूरा होने के बाद उन्हें इस परेशानी से स्थायी राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे क्रॉसिंग की समस्या का समाधान होने से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि कस्बे के व्यापार और रोजमर्रा की जिंदगी पर भी इसका सकारात्मक असर पड़ेगा। वही अंडरपास का निर्माण करने वाले ठेकेदार ने बताया कि लगभग इसको निर्माण करने में 1 वर्ष से अधिक का समय लग जाएगा।



अर्धवार्षिक परीक्षा, हॉलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड व निपुण लक्ष्य हासिल करने पर दिया जोर

प्राथमिक विद्यालय मीरापुर में शिक्षक संकुल की बैठक, शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए किया प्रेरित

प्रातः काल एक्सप्रेस



कौशाम्बी। विकासखंड कड़ा के शहजादपुर संकुल की शिक्षक संकुल बैठक सोमवार को प्राथमिक विद्यालय मीरापुर में आयोजित की गई। बैठक में अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी व प्रभावी क्रियान्वयन, हॉलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड, निपुण भारत अभियान तथा निपुण विद्यालय के निर्धारित मानकों को पूरा करने सहित शैक्षिक गुणवत्ता से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षकों को कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने और बच्चों के अधिगम स्तर में निरंतर सुधार लाने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में एआरपी सबीना बानो ने कहा कि अर्धवार्षिक परीक्षा केवल विद्यार्थियों के मूल्यांकन का माध्यम नहीं है, बल्कि इससे बच्चों के सीखने की वास्तविक स्थिति का पता चलता है। शिक्षक परीक्षा परिणामों का विश्लेषण कर कमजोर अधिगम स्तर वाले बच्चों को चिह्नित करें और उनके लिए विशेष शिक्षण रणनीति तैयार करें। निपुण भारत अभियान के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए भाषा व गणित की बुनियादी दक्षताओं पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। शिक्षक संकुल अखिलेश शुक्ला ने कहा कि निपुण विद्यालय बनाने के लिए सभी शिक्षकों को सामूहिक जिम्मेदारी के साथ काम करना होगा। विद्यालयों में निपुण लक्ष्य के अनुरूप शिक्षण गतिविधियों का नियमित संचालन, बच्चों की प्रगति का आकलन और निपुण तालिका का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के आपसी अनुभवों का आदान-प्रदान भी शिक्षण प्रक्रिया को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

पूर्व एआरपी रामकृष्ण ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास शिक्षा का मूल उद्देश्य है। हॉलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड के माध्यम से विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धियों के साथ उनकी अन्य क्षमताओं, व्यवहार, रचनात्मकता और व्यक्तिगत विकास का भी आकलन किया जाना चाहिए। शिक्षक प्रत्येक बच्चे की क्षमता और आवश्यकता को समझते हुए शिक्षण कार्य करें, जिससे कोई भी बच्चा सीखने की प्रक्रिया में पीछे न छूटे।

संकुल शिक्षक रिया सेठी ने कहा कि कक्षा शिक्षण को गतिविधि आधारित और रुचिकर बनाना समय की आवश्यकता है। बच्चों को पढ़ाई के साथ अभ्यास के पर्याप्त अवसर दिए जाएं। नियमित आकलन के आधार पर शिक्षण में आवश्यक बदलाव किए जाएं, जिससे निपुण लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में बेहतर परिणाम सामने आ सकें। बैठक में शिक्षकों ने शैक्षिक गतिविधियों के प्रभावी संचालन और विद्यालयों में निपुण भारत अभियान के क्रियान्वयन को लेकर विचार साझा किए।

थाना कोतवाली बेहट पुलिस ने 1 महिला सहित 6 वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक बेहट इंद्रेश चौहान के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना बेहट पुलिस ने चेकिंग व दबिश के दौरान 6 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार अभियुक्तों में ताहिर पुत्र वकील और जहीर पुत्र वकील निवासी ग्राम जमालपुर थाना बेहट शामिल है। दोनों मुकदमा अपराध संख्या 19/2022 धारा 498ए/323/504/506 भादवि व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम चालानी थाना फतेहपुर सहारनपुर से संबंधित है। इन्हें ग्राम जमालपुर से गिरफ्तार किया गया।कुरबान पुत्र अलीहसन निवासी ग्राम पठानपुरा थाना बेहट को वाद संख्या 11141/2022 धारा 379/506 भादवि में ग्राम पठानपुरा से गिरफ्तार किया गया। परवेज पुत्र मुस्तकीम निवासी ग्राम रेढ़ी मोहिद्दीनपुर थाना बेहट को वाद संख्या 5970/22 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट चालानी थाना बेहट में ग्राम रेढ़ी मोहिद्दीनपुर से गिरफ्तार किया गया। पवन पुत्र रामसिंह और चुन्नि देवी उर्फ सुदेश देवी पत्नि पवन निवासी ग्राम बाबैल बुजुर्ग थाना बेहट को वाद संख्या 6673/22 धारा 354/452/323/506 भादवि चालानी थाना बेहट में ग्राम बाबैल बुजुर्ग से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के विरुद्ध अन्य आवश्यक कार्रवाई कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।